उत्तर भारत का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# बदायूँ अमर प्रभात

बदायूँ, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024 | विश्वास 40 वर्ष का | वर्ष 41 अंक 276 मूल्य : रुपये 3-00 पृष्ठ-08



न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को हराया: सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई

रेता बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली मनमानी कर दे रहे हैं दुर्घटना को दावत, पुलिस मौन

माइल्ड स्टोन से टकराकर कार में लगी आग, मां समेत ढाई साल का मासूम जिंदा जला



बदायूं, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मेरठ, मथुरा, गाजियाबाद, www.budaunamarprabhat.com संभल, मुरादाबाद, रामपुर, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, हाथरस, आगरा अलीगढ़ में प्रसारित



## 13 राज्यों की 88 सीटों पर ईवीएम में कैद हुई प्रत्याशियों की किस्मत

### केरल-बंगाल और छत्तीसगढ़ में बंपर वोटिंग, महाराष्ट्र-बिहार और यूपी में 'सुस्ती'

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज की 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है। 5 बजे तक त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 76.06 फीसदी वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम मतदान हुआ। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्य प्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही हैं। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प



भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हो रही है। आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में दोबारा वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो फेज में चुनाव की घोषणा की थी। 2019 में सेकेंड फेज की सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गई थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, दूसरे फेज में 1,202 कैंडीडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,098 पुरुष और 102 महिला उम्मीदवार हैं। दो प्रत्याशी थर्ड जेंडर से है। इससे पहले 19 अप्रैल को पहले फेज की 102 सीटों पर वोटिंग हुई थी। आज के बाद 5 फेज की वोटिंग 1 जून तक खत्म होगी। इसके बाद 4 जून को रिजल्ट की घोषणा होगी। मध्यप्रदेश की 6 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई है।

---

### संक्षिप्त समाचार

## शाह बोले-दिग्विजय की राजनीति से परमानेंट विदाई करो

- आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले, गुना वालों को सिंधिया-केपी दो नेता मिलेंगे

**राजगढ़ (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को मध्यप्रदेश के दौरे पर थे। सबसे पहले अशोकनगर पहुंचे। यहां पर गुना सीट से भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा गुना वालों आपको दो-दो नेता मिलेंगे। ज्योतिरादित्य भी मिलेंगे और केपी यादव भी मिलेंगे। अमित शाह ने कहा- गुना वालों आपका यह महाराज विकास को लेकर सबसे



ज्यादा समर्पित है। सिंधिया घराने ने इस क्षेत्र का लालन-पालन अपने बच्चे जैसे किया है। मैं राजा साहब के लिए वोट मांगने आया हूं। सिंधिया मेरे मित्र भी हैं, भाजपा के वरिष्ठ नेता भी हैं। इन्हें जिताते हुए यह याद रखना, सिंधिया को दिया एक वोट नरेंद्र मोदी को जाएगा। इसके बाद वे दिग्विजय के गढ़ राजगढ़ पहुंचे। उन्होंने कहा अब समय आ गया है इन्हें राजनीति से परमानेंट विदाई देने का। दिग्विजय की विदाई आपको करना है। आशिक का जनाजा है, जरा धूम से निकले।

## शादी में सिलेंडर ब्लास्ट.. एक ही परिवार के 6 की मौत

- दरभंगा में बारातियों की आतिशबाजी से शामियाने में लगी आग, रसोई तक पहुंची चिंगारी

**दरभंगा (एजेंसी)।** दरभंगा में शादी के दौरान सिलेंडर ब्लास्ट होने से 6 लोगों की मौत हो गई है। हादसा गुरुवार रात 11 बजे के बाद हुआ। गांव के लोगों ने बताया की छगन पासवान की बेटी की शादी थी। बारात को पड़ोसी रामचंद्र पासवान के आवासीय परिसर में ठहराया गया था। इस दौरान



बारातियों ने जमकर आतिशबाजी की। पटाखों की चिंगारी से शामियाने में आग लग गई। पास में ही खाना बन रहा था। देखते ही देखते आग सिलेंडर तक जा पहुंची। सिलेंडर में आग लगते ही ब्लास्ट हो गया। हादसे के बाद दूल्हा-दुल्हन को पास के ही मंदिर में ले जाया गया। वहां दोनों की शादी हुई। इसी दौरान रामचंद्र पासवान के दरवाजे पर रखे डीजल के स्टॉक में भी आग लग गई। इसमें रामचंद्र पासवान के परिवार के 6 लोगों की मौत हो गई। हादसे में रामचंद्र पासवान के बेटे, बहू, बेटी, 2 नाती, 1 नतिनी ने दम तोड़ दिया।

---

### ईवीएम-वीवीपैट पर विपक्ष को सुप्रीम कोर्ट ने दिया तगड़ा झटका

## नहीं चली किसी की 'अर्जी' ईवीएम की ही चलेगी 'मनमर्जी'



- बैलेट पेपर से वोटिंग की मांग भी ठुकराई, सभी याचिकाएं खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले कुछ वर्षों में चुनाव प्रणाली का हिस्सा रहने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन विवादों में हैं। इसकी विश्वसनीयता पर उठते सवालों के चलते लगातार चुनावी प्रक्रिया को भी कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है लेकिन आज देश की सर्वोच्च अदालत ने ईवीएम विवाद पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया और वीवीपैट के ईवीएम से 100 फीसदी मिलान की मांग को खारिज कर दिया है। एक तरफ जहां सुप्रीम कोर्ट ने 100 प्रतिशत ईवीएम वीवीपैट मिलान की याचिका खारिज की, तो दूसरी ओर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग भी खारिज कर दिया है। कोर्ट ने इस ऐतिहासिक फैसले में चुनाव आयोग को भी कुछ सख्त आदेश दिए हैं और चुनाव सुधार को लेकर बड़ा बयान दिया है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने ईवीएम वीवीपैट से जुड़ी याचिकाओं पर स्पष्ट कर दिया कि है किसी भी कीमत पर 100 फीसदी मिलान नहीं होगा।

- कहा-45 दिनों तक सेफ रहेंगी ईवीएम,माइक्रो कंट्रोलर की भी हो सकेगी जांच

#### प्रत्याशियों को ही देना होगा वेरिफिकेशन का खर्च

सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुनाने वाली बेंच में शामिल जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि वीवीपैट वेरिफिकेशन का खर्चा उम्मीदवारों को खुद ही उठाना होगा। अगर ईवीएम में कोई गडबड़ी पाई जाती है तो फिर खर्चा वापस कर दिया जाएगा। 18 अप्रैल को सुनवाई कर फैसला सुरक्षित रखने के बाद बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से ईवीएम और वीवीपैट से जुड़े चार सवाल पूछे थे जो कि कोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा अहम थे।

## ईरान के साथ ट्रेड करने वाली 3 भारतीय कंपनियां बैन

- अमेरिका बोला-ईरान इनके जरिए रूस को ड्रोन्स दे रहा, अवैध व्यापार में भी शामिल

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका ने ईरान के साथ व्यापार करने पर भारत की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन कंपनियों पर आरोप



है कि ये ईरानी सेना के साथ अवैध व्यापार और उनके लिए ड्रोन्स ट्रांसफर करने का काम करती थीं। अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने बताया कि यह बैन भारत के अलावा कई दूसरे देशों की कंपनियों, लोगों और जहाजों पर लगाया गया है। ये सभी गुप्त तरह से रूस तक ईरानी ड्रोन्स की डिलीवरी में अहम भूमिका निभाते हैं।

## बृजभूषण को कोर्ट से झटका अब टिकट पर भी छाई 'आंच'

- पहलवानों से यौन शोषण मामले में दायर याचिका अदालत ने की खारिज

**गोंडा (एजेंसी)।** यूपी की कैसरगंज लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद बृजभूषण शरण सिंह को महिला पहलवानों से यौन उत्पीड़न के आरोपों में झटका लगा है। दिल्ली की अदालत ने उनकी ओर से दाखिल उस अर्जी को खारिज कर दिया है, जिसमें उन्होंने मांग की थी कि उनके ऊपर लगे आरोपों की और जांच की जाए। ऐसे में उन पर अब यौन उत्पीड़न केस में आरोप तय करने का



- सांसद ने दोबारा जांच की मांग की थी, कोर्ट 7 मई को आरोप तय करेगी

रास्ता साफ हो गया है। अदालत के इस फैसले से बृजभूषण शरण सिंह की चुनावी उम्मीदों को भी करारा झटका लगा है। भाजपा सूत्रों के अनुसार पार्टी चाहती है कि बृजभूषण शरण सिंह पर यदि कानूनी कार्रवाई आगे बढ़ती है तो वह खुद चुनाव न लड़ें। इसकी बजाय परिवार के ही किसी सदस्य यानी पत्नी या बेटे को मौका दें। ऐसी स्थिति में अदालत के फैसले के बाद अब लगता है कि बृजभूषण शरण सिंह का टिकट भी कट सकता है। खुद बृजभूषण शरण सिंह के तेवर भी इसके संकेत दे रहे हैं। उन्होंने पिछले दिनों टिकट के सवाल पर कहा भी था कि जो भगवान राम चाहेंगे, वही होगा। यही नहीं उनका कहना था कि पार्टी ने अब तक दूल्हा तय नहीं किया है, लेकिन जिसे भी उतारा जाएगा, वह बड़ी जीत हासिल करेगा। उनके बयान में जिसे भी उतारा जाएगा से यह अर्थ निकाला गया था कि शायद अब वह अपने अलावा परिवार के ही किसी सदस्य को लड़ाने के लिए तैयार हो गए हैं।

---

### राहुल गांधी बोले-उन्होंने 10 साल में गरीबों का पैसा छीना

## आजकल मोदी घबराए हुए हैं, उनके आंसू निकल आएंगे

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आजकल पीएम नरेंद्र मोदी अपने भाषण के दौरान काफी घबराए हुए रहते हैं। शायद कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएं। राहुल ने कहा- पीएम मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है, जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में 1 फीसदी ऐसे लोग हैं, जो 40 फीसदी धन कंट्रोल करते हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा- मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। कांग्रेस बेरोजगारी और



महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी। जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे। राहुल ने कहा- यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह पिछले चुनावों से अलग है, क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी (भाजपा) और एक व्यक्ति (भाजपा) भारत के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, कांग्रेस और इंडिया गठबंधन संविधान को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के संविधान ने लोगों को अधिकार, आवाज और आरक्षण दिया है। संविधान से पहले भारत पर राजा-महाराजाओं का शासन था। अगर आज भारत के गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के पास अधिकार हैं, आवाज है, तो ये संविधान ने दी है। राहुल से पहले पीएम मोदी 20 अप्रैल को कर्नाटक गए थे। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सरकार ने बेंगलुरु को टैंकर माफिया के हवाले कर दिया है।

## एससी में याचिका, नोटा को ज्यादा वोट तो चुनाव रद्द हो

### चुनाव आयोग को नोटिस, सूरत में बीजेपी कैंडीडेट की निर्विरोध जीत से उठा मामला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने नोटा से जुड़ी एक याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। याचिका मोटिवेशनल स्पीकर शिव खेड़ा ने लगाई, जिसमें आयोग को यह निर्देश देने की मांग की गई है कि यदि नोटा (नन ऑफ द अबव) को किसी कैंडीडेट से ज्यादा वोट मिलते हैं, तो उस सीट पर हुए चुनाव को रद्द कर दिया जाए, साथ ही नए सिरे से चुनाव कराए जाएं। याचिका में यह नियम बनाने की भी मांग की गई है कि नोटा से कम वोट पाने वाले उम्मीदवारों को 5 साल के लिए सभी चुनाव लड़ने से बैन कर दिया जाए। साथ ही नोटा



को एक काल्पनिक उम्मीदवार के तौर पर देखा जाए। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच शुक्रवार को शिव खेड़ा की याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गई है।

---

### अमानवीयता

## साढ़े तीन साल पहले कोविड से मौत, शव रखकर भूला प्रशासन

- 1000 दिन बाद 'कंकाल' का अंतिम संस्कार, किसी ने नहीं ली सुध

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से कोरोनाकाल की बुरी यादों को ताजा करने वाली तस्वीर सामने आई है। साढ़े 3 साल बाद कोरोना की वजह से हुई मौत के शवों का अंतिम संस्कार किया गया है। साल 2020 में कोरोना वायरस की चपेट में आकर जान गंवाने वाले तीन लोगों के शवों का करीबन 1000 दिन बाद अग्नि संस्कार किया गया है। इन शवों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि कंकाल में बदल गए थे। निधन के बाद



परिवार के लोग शव लेने नहीं आए और विभाग रखकर भूल गया था। वहीं, जिन तीन शवों का अंतिम संस्कार किया गया है, वह शव रायपुर के मेकाहारा हॉस्पिटल (बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर अस्पताल) में लावारिस हालत में पड़े थे। इस अंतिम संस्कार के पीछे भी मीडिया ही वजह बताई जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मीडिया में खबर आने के बाद ही प्रशासन ने अंतिम संस्कार की प्रक्रिया को अंजाम दिया है।

## इन्होंने बैलट पेपर लूटकर राज किया,ये ईवीएम हटाना चाहते हैं

**अररिया/ मुंगेर (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी अररिया के फारबिसगंज में सभा की। अपने 43 मिनट के संबोधन में पीएम ने 17 मिनट तक कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि

- बिहार को अररिया में पीएम मोदी का इंडिया गठबंधन पर बड़ा हमला
- पीएम मोदी बोले-सुप्रीम कोर्ट के झटके से इनके सपने चूर-चूर हो गए

आरजेडी, कांग्रेस के इंडिया गठबंधन को न देश के संविधान की परवाह है और न ही लोकतंत्र की परवाह है। ये वह लोग हैं जिन्होंने दशकों तक बैलट पेपर के बहाने गरीबों का अधिकार छीना। पोलिंग बूथ, बैलेट पेपर लूट लिए जाते थे। जब गरीबों को ईवीएम की ताकत मिली है तो चुनाव के दिन लूट करने वालों को बर्दाश्त नहीं हो रहा था। इसलिए वे ईवीएम को हटाना चाहते हैं, लेकिन आज सुप्रीम कोर्ट ने मतपेटियों को लूटने के इरादा रखने वालों को ऐसा गहरा झटका दिया है कि



उनके सारे सपने चूर-चूर हो गए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, इन्होंने (कांग्रेस) यहां तक झूठ फैलाया कि कभी डॉ. मनमोहन सिंह ने ऐसा कहा ही नहीं था कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है। लेकिन आज उनका एक और पुराना वीडियो सामने आया है।

## जम्मू-कश्मीर के सोपोर में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

- दो दिन से चल रहा ऑपरेशन,नौपोरा इलाके के घर में आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** उत्तरी कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को दो आतंकी मार गिराए। यहां सुरक्षाबलों ने गुरुवार को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। इस दौरान एक नागरिक के कंधे में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे श्रीनगर रेफर कर दिया गया। मुठभेड़ अभी भी जारी है। नौपोरा इलाके में एक घर के अंदर आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी। सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी दी। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां



चलाईं और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। गुरुवार 25 अप्रैल को रात अंधेरा होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह फिर से गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई है। वहां लश्कर के डिवीजनल कमांडर उस्मान और लश्कर के संगठन के कमांडर बासित डार के फंसे होने की जानकारी थी। इससे पूर्व मंगलवार को बांदीपोरा के रेंजी अरागाम में आतंकियों से मुठभेड़ में भी दो सैन्यकर्मी घायल हुए थे।

## –: वेदोपदेश :–

ओइम सनातनमेनमाहुरुताद्य स्यात् पुनर्णव:।
अहोरात्रे प्रजायेते अन्यो अन्यस्य रूपयो:।।
भावार्थ :–उस परम प्यारे प्रभु के उपासक महानुभावों को नित्य नये–से–नये प्रभु के अनन्त गुण प्रतीत होते हैं, जैसे दिन से रात और रात से दिन, नये–से–नये प्रतीत होते हैं।

# सम्पादकीय

## दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य

जहां तक स्वास्थ्य के क्षेत्र का सवाल है, अस्पतालों की दशा सुधारने से लेकर स्वास्थ्य सुविधाओं तक आम लोगों की आसान पहुंच के लिहाज से मोहल्ला क्लीनिक भी खोले गए। मगर व्यवहार में इसका अपेक्षित लाभ लोगों को नहीं मिल सका। इसके समांतर पिछले कुछ महीनों के दौरान दिल्ली के कुछ सरकारी अस्पतालों से जिस तरह दवाइयों और अन्य संसाधनों की कमी के कई मामले सामने आए उससे यही पता चलता है कि एक तरह की अव्यवस्था पसर रही है, जिसका खमियाजा वहां पहुंचने वाले मरीजों को उठाना पड़ता है। गौरतलब है कि द्वारका इलाके में बुधवार को दिल्ली सरकार के इंदिरा गांधी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को रुई बाहर से खरीद कर लाने को कहा गया। यह स्थिति अपने आप में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का सच बताने के लिए काफी है। एक उपलब्धि और ष्माडलष् के रूप में बहुप्रचारित सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हालत ऐसी क्यों देखने में आ रही है कि किसी अस्पताल में दवाइयां नहीं हैं तो कहीं रुई जैसी सबसे बुनियादी जरूरत की चीजें भी मरीजों के तीमारदारों को बाहर से लानी पड़ रही हैं। कुछ समय पहले खुद उपराज्यपाल ने यहां के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिख कर दिल्ली सरकार के कामकाज और दावों पर सवाल उठाए थे। दिल्ली के कुछ अस्पतालों में दवाइयों की कमी से जूझने की भी कई खबरें आई। आरोप-प्रत्यारोप के बीच आखिर यह व्यवस्था सुनिश्चित करना किसकी जिम्मेदारी है कि लोग जब किसी बीमारी का इलाज कराने दिल्ली के किसी अस्पताल में पहुंचें तो वहां चिकित्सक जरूरी दवाइयां और अन्य बुनियादी संसाधन उपलब्ध हों। सिर्फ प्रचार और दावा करने से किसी सेवा में सुधार नहीं होता, बल्कि उसके लिए वास्तव में पहल करनी पड़ती है। अगर कोई अड़चन आएए संसाधनों की कमी पैदा हो तो उसका विकल्प निकालना पड़ता है, ताकि समस्या का समाधान निकले।

### विचारकण

1- कर्तव्यपालन में कष्ट सहना तप है।
2- ज्ञान का उपयोग भूल मिटाने में है।
3- संसार का आकर्षण परमात्मा से दूर करता है।
4- ज्ञान और विश्वास कभी विफल नहीं होता है।
5- वाणी आत्मा का दर्पण है।

आचार्य वेदव्रत आर्य

### आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन सफलता से भरा होगा। आपके अच्छे कार्यों से आपके खानदान का गौरव बढ़ेगा।

**तुला** आज काम काफी सोचकर करें। आपको नुकसान होने की आशंका है।

**वृषभ** कोई विशेष सफलता मिलेगी। नौकर-चाकर व सांसारिक सुख भोगों का विस्तार होगा।

**वृश्चिक** कार्ययोजनाएं सफल होंगी। आपको आज बहुमूल्य वस्तु से लाभ होने की संभावना है।

**मिथुन** आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने की वजह से बाधा और हानि होगी।

**धनु** आज सुख में वृद्धि होगी और रुकी योजनाएं पूर्ण होंगी। आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** आज भाग्य में वृद्धि का दिन है। यदि आपकी प्रोन्नति रुकी है तो उसमें लाभ होगा।

**मकर** विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य में आपको हानि हो सकती है।

**सिंह** आज का दिन शुभ है और आज अगर आप एक व्यापारी हैं तो मुनाफा अच्छा होगा।

**कुंभ** आज विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य में आपको हानि हो सकती है।

**कन्या** अधिकारों में वृद्धि के साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। शानशौकत के लिए आप धन व्यय कर सकते हैं।

**मीन** मामलों में भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी कार्ययोजनाओं में अच्छा मुनाफा होगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक आचार्य वेदव्रत आर्य द्वारा वेदानु प्रेस निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूं से मुद्रित एवं निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ बदायूं से प्रकाशित।
आर० एन० आई० नं०–43123/84।
डाक पंजीयन सं० G-25/Regd. / BDN-17/06-07/31.12.09
फोन नं०-05832-266581 Website -www. budaunamarprabhat.com,
E-Mail- editoramarprabhat@gmail.com

# ईवीएम-वीवीपैट को क्लीन चिट

(अशोक त्रिपाठी-हिफी फीचर)



देश की सबसे बड़ी अदालत अर्थात् सुप्रीम कोर्ट की अपनी अलग गरिमा है। संविधान के दायरे में यह काम करता है लेकिन जरूरत पड़ने पर केन्द्र सरकार पर भी जुर्माना लगाने में हिचकता नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने मेघालय हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने के लिए केन्द्र सरकार पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। जस्टिस विक्रमनाथ और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा है कि केन्द्र सरकार के पास विशेष अनुमति याचिका के माध्यम से आदेश को चुनौती देने का कोई तुक या औचित्य नहीं है। इसलिए मौजूदा याचिका कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। याचिकाकर्ता (केन्द्र) को यह चेतावनी भी दी गयी कि भविष्य में ऐसी अगंभीर याचिका दायर न करें। एक तरफ सुप्रीम कोर्ट इस तरह का क्रांतिकारी फैसला लेता है तो दूसरी तरफ अपने अधिकारों की सीमा में भी रहता है। देश का निर्वाचन आयोग भी एक स्वायत्तशासी संस्था है। हालांकि इस पर सवाल उठाये जा सकते हैं लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने गत 24 अप्रैल को स्पष्ट रूप से कहा था कि हम चुनाव आयोग के लिए नियंत्रक अथारिटी नहीं बन सकते। दरअसल देश में 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव को लेकर भी इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर वैरिफिएबल पेपर आडिट ट्रेल (वीवीपैट) का सवाल खड़ा किया गया। मामला देश की सबसे बड़ी अदालत में पहुंचा। आरोप लगाने वालों के पास कोई ऐसे सबूत भी नहीं मिले जिनको आधार बनाकर सुप्रीम कोर्ट हस्तक्षेप करता। कोर्ट ने सवाल किया था कि क्या वह (कोर्ट) सिर्फ हैकिंग और हेर फेर के संदेह पर ही ईवीएम के बारे में आदेश जारी कर सकता है? कोर्ट को लगा कि यह आधार पर्याप्त नहीं है। इसलिए 25 अप्रैल को ईवीएम और वीवीपैट को लेकर दायर सभी याचिकाएं खारिज कर दी गयी हैं। कहा जा सकता है कि ईवीएम-वीवीपैट को इस प्रकार क्लीन चिट मिल गयी है।

सुपीम कोर्ट ने ईवीएम-वीवीपैट को लेकर सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने सभी 100 फीसदी सत्यापन की याचिकाएं खारिज की है। जजों ने यह फैसला सहमति से लिया है। आपको बता दें कि कोर्ट ने वीवीपैट के साथ ईवीएम के वोटों के 100 फीसदी सत्यापन की मांग करने वाली याचिका पर यह फैसला दिया है। कोर्ट ने फैसला सुनाते समय पेपर बैलेट की मांग को भी खारिज कर दिया है। फैसला सुनाते हुए जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि हमने सभी याचिकाओं को खारिज किया है। लोकतंत्र अपने विभिन्न स्तंभों के बीच सद्भाव और विश्वास पर आधारित है। इस पर कोर्ट का रुख साक्ष्यों पर आधारित रहा है। वहीं जस्टिस दीपांकर दत्ता ने फैसला सुनाते समय कहा कि किसी पणाली पर आंख मूंदकर संदेह करना सही नहीं है। फैसला सुनाते हुए सुपीम कोर्ट ने जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उनमें ईवीएम में सिंबल लोडिंग पंक्रिया पूरी होने पर, सिंबल लोडिंग इकाई को सील कर दिया जाना चाहिए और कंटेनरों में सुरक्षित किया जाना चाहिए। उम्मीदवार और उनके पतिनिधि मुहर पर हस्ताक्षर करेंगे। सीलबंद कंटेनरों को नतीजों की घोषणा के बाद कम से कम 45 दिनों तक ईवीएम के साथ स्टोर रूम में रखा जाएगा। इन्हें ईवीएम की तरह खोला और सील किया जाना चाहिए। अपने दूसरे निर्देश में कोर्ट ने कहा कि पंति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र पंति संसदीय क्षेत्र में घोषणा के बाद ईवीएम के निर्माताओं के इंजीनियरों की एक टीम द्वारा जांच और सत्यापन किया जाएगा। उम्मीदवार 2 और 3 के लिखित अनुरोध पर परिणाम घोषित होने के 7 दिनों के भीतर ये जांच होनी चाहिए। वास्तविक लागत अनुरोध करने वाले उम्मीदवार द्वारा वहन की जाएगी। ईवीएम से छेड़छाड़ पाए जाने पर खर्चा वापस किया जाएगा। सुपीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से कहा कि वह वोटों की पर्चियों की गिनती के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक मशीन के सुझाव की जांच करे और क्या चुनाव चिन्ह के साथ-साथ पत्येक पार्टी के लिए एक बार कोड भी हो सकता है। कोर्ट ने कहा है कि ऐसा अनुरोध परिणाम घोषित होने के 7 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए। हालांकि सुपीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को वीवीपैट की गिनती में मशीन की मदद लेने की संभावना तलाशने का सुझाव दिया है। दो जजों की पीठ ने वीवीपैट की गिनती के मुद्दे पर समवर्ती लेकिन अलग-अलग फैसले सुनाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर कोई पत्याशी वेरिफिकेशन की मांग करता है तो उस स्थिति में इसका खर्चा उसी से वसूला जाए, अगर ईवीएम में कोई छेड़छाड़ मिलती है तो उसे खर्चा वापस किया जाए।

पिछली सुनवाई के दौरान सुपीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से चार अहम सवाल पूछे थे। साथ ही न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने चुनाव आयोग (ईसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी को कुछ सवालों के जवाब देने के लिए अदालत में उपस्थित होने के लिए कहा था।

कोर्ट ने आयोग से सवाल पूछे थे कि क्या माइक्रो कंट्रोलर कंट्रोलिंग यूनिट में लगा होता है या फिर वीवीपैट में ? क्या माइक्रो कंट्रोलर वन टाइम पीग्रेमबल होता है ? आयोग के पास चुनाव चिन्ह अंकित करने के लिए कितने यूनिट उपलब्ध हैं और आपने कहा कि चुनाव याचिका दायर करने की सीमा अवधि 30 दिन है और इस पंकार स्टोरेज और रिकॉर्ड 45 दिनों तक बनाए रखा जाता है लेकिन लिमिटेशन डे 45 दिन है, आपको इसे सही करना होगा।

उच्चतम न्यायालय ने चुनाव में सभी 'वीवीपैट' पर्चियों की गिनती का अनुरोध करने वाली याचिका पर निर्वाचन आयोग और केंद्र से जवाब मांगा था। वर्तमान में, वीवीपैट पर्चियों के माध्यम से केवल पांच चयनित ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) के सत्यापन का नियम है। 'वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) एक स्वतंत्र वोट सत्यापन पणाली है, जो मतदाता को यह देखने की अनुमति देती है कि उसका वोट उसी उम्मीदवार को गया है या नहीं, जिसे उसने वोट दिया है। याचिका में कहा गया है कि सरकार ने लगभग 24 लाख वीवीपैट की खरीद पर लगभग 5,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, लेकिन वर्तमान में, केवल लगभग 20,000 वीवीपैट पर्चियां ही सत्यापित हैं।

कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सुपीम कोर्ट में अहम हलफनामा दाखिल किया है। चुनाव आयोग ने इसमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के साथ वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) का बचाव किया है। चुनाव आयोग ने कहा है कि, 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले ईवीएम को बदनाम करने का एक और पयास किया जा रहा। यह कोशिश बार- बार होती रहेगी। चुनाव आयोग ने सुपीम कोर्ट में वकील अमित शर्मा के माध्यम से हलफनामा दाखिल किया था। चुनाव आयोग ने हलफनामे में कहा है कि, यह याचिका अस्पष्ट और आधारहीन आधारों पर है। साथ ही ईवीएम की कार्यपणाली पर संदेह पैदा करने का एक और पयास है। भारत निर्वाचन आयोग का अनुमान है कि ईवीएम-वीवीपैट पणाली पर संदेह जताने वाली वर्तमान याचिका 2024 के लोकसभा चुनावों से पहले ऐसी आखिरी याचिका नहीं होगी। इन्हीं सब आधार को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाएं खारिज कर दी हैं। **(हिफी)**

# राहुल व पित्रोदा के विरासत टैक्स का खेल बखेड़ा

**(मनोज कुमार अग्रवाल-हिफी फीचर)**

कहते हैं कि इंसान में आयु और अनुभव से समझ विकसित हो जाती है लेकिन कांग्रेस के नेता व कथित नेहरू गांधी परिवार के चश्मे चिराग राहुल गांधी पर यह बात लागू नहीं होती है। हालांकि इस बार उन्होंने होमवर्क करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन इसके बावजूद उनके जुबान से निकल रहे बयान कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर ही भारी पड़ रहे हैं। वहीं कांग्रेस के एक सलाहकार और मास्टर माइंड सैम पित्रोदा ने ऐसे समय में अमेरिका में माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर विरासत टैक्स का हवाला देकर और भारत में इस पर विचार करने की बात कहकर सारे खेल को ही बिगाड़ दिया है। पंधानमंत्री मोदी ने इस को हाथों हाथ लिया है और कहा है कि कांग्रेस का मंत्र लूट है जो जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। शहजादे और उनके सलाहकार देश के मध्यमवर्ग पर और अधिक टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। माता-पिता से मिलने वाली सम्पत्ति पर भी विरासत (इनहैरिटैंस) टैक्स लेने की कांग्रेस की योजना है कांग्रेस का पंजा आपके बच्चों का अधिकार छीनने के लिए व्याकुल है।

चुनावी मौसम में विरोधी के तीरों को भी अपने पक्ष में करने की रणनीति बनायी जाती है। मौजूदा माहौल देखकर ऐसा लगता है मानो विपक्षी दलों का कुनबा इंडी गठबंधन सत्ताधारी दल से मुकाबला करने में जूझ रहा है। मतदाताओं को लुभाने के लिए वे किसी तरह की कमी नहीं छोड़ रहे। कांग्रेस ने तो गरीब महिलाओं के वोट खरीदने के लिए 1-1 लाख रुपये देने की घोषणा भी कर डाली है। आरक्षण की सीमा तोड़कर 50 पंतिशत से आगे ले जाने, देश को पुनः जात-पात की आग में जलाने के लिए जाति आधारित जनगणना जैसे वादे भी कांग्रेस कर रही है। दूसरी ओर, भाजपा ने मानो हर बात को इस तरह पेश करने में महारत हासिल कर ली है कि कांग्रेस जो भी कह या कर रही है, वह देश के लिए अत्यंत खतरनाक है।

वामपंथी सोच वाले सलाहकारों से घिरे कांग्रेस नेता राहुल गांधी अति- उत्साह में कई बार ऐसी बातें बोल जाते हैं, जिनसे भाजपा को बड़ा मुद्दा मिल जाता है। एकाध बार हो जाए तो वह चूक या गलती मानी जा सकती है, किन्तु राहुल से बार-बार ऐसी गलतियां होती हैं, जिनका लाभ भाजपा उठाती है। अब चुनावी सभा में राहुल ने कह दिया कि सत्ता में आने पर अमीरों का धन लेकर गरीबों में बांट देंगे। 7 अपैल को हैदराबाद में राहुल ने कहा, हम पहले यह निर्धारित करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना करेंगे कि कितने लोग अन्य ओबीसी, एससी, एसटी और अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उसके बाद, धन के समान वितरण को सुनिश्चित करने के लिए एक ऐतिहासिक कदम के तहत हम एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएंगे। अब भाजपा ने इसे मुद्दा बना लिया है कि कांग्रेस पार्टी की नजर आम आदमी की कमाई पर है, वह उसे छीनना चाहती है।

पंधानमंत्री नरेन्द मोदी ने ताला नगरी अलीगढ़ में चुनावी जनसभा में कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन (इंडिया) पर बेहद गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा, मैं देशवासियों को आगाह करना चाहता हूं कि कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर है। कांग्रेस के शहजादे (पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष



राहुल गांधी) का कहना है कि उनकी सरकार आई तो कौन कितना कमाता है, किसके पास कितनी संपत्ति है, उसकी जांच करेंगे। इतना ही नहीं, वह कहते हैं कि यह जो संपत्ति है उसको अपने कब्जे में लेकर सबको बांट देगी। यह उनका चुनाव घोषणा पत्र है। वह सर्वे करना चाहते हैं कि जो नौकरी पेशा कर्मचारी हैं उनकी कितनी सम्पत्ति है। यह सर्वे कराकर कांग्रेस सरकार के नाम पर सम्पत्ति को छीन कर बांटने की बात कर रही है। कांग्रेस यहां तक कह रही है कि अगर आपके पास दो घर हैं तो एक घर छीन लेगी। यह कम्युनिस्टों की सोच है, ऐसा ही करके कितने ही बर्बाद कर चुके हैं। अब यही नीति कांग्रेस पार्टी और इंडी में लागू करना चाहते हैं। भाजपा ने यह भी कहना शुरू कर दिया। कांग्रेस के पूर्व पंधानमंत्री डॉ- मनमोहन सिंह कहते थे देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है, अब कांग्रेस आपकी संपत्ति छीनकर उनको बांटने की तैयारी कर रही।

कल्पना कीजिए कि यदि महिला वर्ग में यह धारणा घर कर गई कि कांग्रेस की नजर वास्तव में उनके गहनों पर है तो क्या कोई महिला कांग्रेस उम्मीदवार को वोट देगी? केवल महिलाएं ही क्यों, यदि उच्च मध्यम वर्ग एवं अभिजात्य वर्ग में भी यह विचार आ गया तो वे भी कांग्रेस को वोट नहीं देंगे। यह तो असल में अपने पांव पर खुद कुल्हाड़ी मारने जैसा हो गया।बची कसर उनके तकनीकी गुरु सैम पित्रोदा ने पूरी कर दी है जो इन दिनों अमेरिका में हैं। उनके बयान भी पैतृक सम्पत्ति पर कर लगाने की बात कर रहे हैं। पित्रोदा के बयान ने कांग्रेस की फजीहत और बढ़ा दी है। एक तरफ कांग्रेस अपने नेता के बयान पर सफाई देने में जुटी थी, इस बीच पित्रोदा भी फूट पड़े और सारा रायता दोबारा बिखर गया है। राहुल को अपने शब्दों का चयन बहुत सोच-समझकर करने की जरूरत है। उन्होंने धन के बंटवारे का जो शिगूफा छोड़ा है, वह न व्यावहारिक है और न ही उचित। यदि परिश्रम कर कमाने वालों का धन छीनकर निठल्लों को देने लगे तो देश में क्या स्थिति होगी, इसकी कल्पना मात्र डराने वाली है। ऐसी अराजकता पैदा करने वाली योजनाओं के बारे में सार्वजनिक दावे कोई भी राजनीतिक तौर पर परिपक्व नेता तो नहीं करेगा। अब भाजपा इसे मुद्दा बनाएगी और कांग्रेस सफाई देती रह जाएगी।

पंधानमंत्री मोदी राजनीति के मंजे खिलाड़ी हैं। उनका मुकाबला कर पाना राहुल जैसे नौसिखिए और समय की नजाकत से बेखबर उनके कांवेंट शिक्षित सलाहकारों के वश की बात नही है। ऐसे कमजोर रणनीतिक माहौल में उन क्षेत्रीय दलों का भी नुकसान हो सकता है जो अपने बूते पर मतदाता के बीच वजूद रखते हैं लेकिन अपने गठबंधन के नेता के ऐसे बयान उनके वोटर्स को भी भ्रमित कर सकते हैं। ऐसे गठबंधन को कौन वोट देगा जिसके नेता माता पिता की सौंपी विरासत पर टैक्स लगाने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि कांग्रेस की सोच सही समय पर सामने आ गई है। **(हिफी)**

आपके सुझाव हमें और उत्कृष्ट कार्य करने की प्रेरणा देते हैं, तभी हमें आपके सुझावों का इंतजार रहता है। सुझाव के साथ आप समाचार पत्र में और क्या बदलाव चाहते हैं, साथ ही आपको हमसे किसी तरह की शिकायत भी हो, तो तत्काल पत्र द्वारा सूचित करें। आपके आसपास कोई समस्या हो और कोई सुनने-देखने वाला न हो, उसे भी तत्काल लिख भेजें। हम उसे प्रमुखता से यहां
कार्यालय 'बदायूँ अमर प्रभात'
निकट वेदामऊ वैदिक विद्यापीठ, बदायूं

वैचारिक क्रान्ति के लिए सत्यार्थ प्रकाश पढ़ें।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5352

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5351

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

### वर्ग पहेली 5352



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. विम्बल्डन टेनिस में अपनी जीत दर्ज कराने वाली प्रथम भारतीय महिला (5)
4. चंद्रमा के पुत्र जो नवग्रहों में से एक है (2)
6. जो भाग्य में लिखा हो, प्रारब्ध (2)
7. प्रेमी, सनम, बलामा (3)
8. झंकृत होना, झंकारना (4)
10. दिन, दिवस (2)
11. रपटन, फिसलाहट, आलुभन (4)
13. प्रत्येक पक्ष की तीसरी तिथि (2)
15. आरूढ, एक संगीत वर्ण (3)
16. दंडादेश, अलंकृत (2)
19. अवाम, पब्लिक, रैयत (2)
21. सन् 2015 की सुपरहिट फिल्मों में से एक (4)
22. मिट्टी खोदने का एक फावडेनुमा औजार (3)

**ऊपर से नीचे**

1. गुजरात की एक प्रसिद्ध नदी जिसके किनारे अहमदाबाद व गांधीगन जैसे नगर बसे हुए है (5)
2. उपपति, समाधान, निराकण (3)
3. प्राप्त हुआ, उपलब्ध होना, समाविष्ट होना, सादृश्य होना (3)
4. कायर, डरपोक, भीरू (4)
5. जिसके पास अपार संपत्ति हो, रईस, धनपति (4)
9. व्याकरण में वह शब्द जिसके वाक्य पर कर्ता की क्रिया का प्रभाव पड्ढे, वह जो किया जावे (2)
11. कांच के उद्योग के लिए प्रसिद्ध है उत्तर प्रदेश का यह नगर विशेषतः चूड़ी बनाने के लिए (5)
12. दस्तखत, हस्ताक्षर, हकीकत (2)
14. सरगम फिल्म से अपनी अभिनय यात्रा शुरू करने वाली अभिनेत्री जो इन दिनों राजनीति में सक्रिय है (4)
15. अग्नि, आंच, अंचति, हुतभोजी (2)
17. कारण, हेतु (3)
18. नकली, कूटकृत, नेट, मैश (2)
20. षड्यंत्र, कूटयुक्ति, पुशपाश (2)

### वर्ग पहेली 5351 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | नि | ल | अं | बा | नी | | वि |
| का | जी | | ग | ल | | वि | श्व |
| ल | | मो | द | क | | ला | ना |
| ग्र | ह | | | | श | प | थ |
| स्त | न | हा | र | | मी | | न |
| | न | ल | क | | म | हु | आ |
| बु | | | मी | ना | | | नं |
| त | स्वी | र | | म | क | स | द |

## न्यूज़ीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को हराया: सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई



न्यूज़ीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान को 4 रन से हराया। इस जीत के बाद न्यूज़ीलैंड पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए न्यूज़ीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। जवाब में पाक टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन ही बना पाई। न्यूज़ीलैंड के लिए ओपनर टिम रॉबिन्सन (51) ने अर्धशतक लगाया। राइट आर्म पेसर विलियम ओरूर्के ने तीन विकेट लिए। ओरूर्के को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

रॉबिन्सन ने 51 रन की पारी खेली

न्यूज़ीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। न्यूज़ीलैंड की ओर से इसी सीरीज में डेब्यू करने वाले टिम रॉबिन्सन ने 36 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 26 गेंदों पर 34 और टॉम ब्लंडल ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से अब्बास अफरीदी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

## 7 बल्लेबाज 0 पर आउट... 17 साल की गेंदबाज ने मचाई सनसनी, फेंका बेस्ट स्पेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट में रिकॉर्ड का बड़ा क्रेज होता है. दिलचस्प आंकड़े हमेशा लुभाते रहे हैं. कई बार तो ऐसा लगता है कि यह रिकॉर्ड नहीं टूट पाएगा. लेकिन तभी कोई ख?लाड़ी अपने प्रदर्शन से चौंका देता है. ऐसा ही एक रिकॉर्ड 17 साल की गेंदबाज ने बनाया है. इस इंडोनेशियाई किशोरी ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है. इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में यह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है. दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने यह कारनामा कर दिखाया है. यहां गौर करने वाली बात यह है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर देकर 7 विकेट हासिल किए।

# 14 साल पुराना रिकॉर्ड बराबर!

### रजत पाटीदार ने रिकॉर्ड में की रॉबिन उथप्पा की बराबरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 41वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया. यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुआ. रजत पाटीदार ने इस मैच में अर्धशतक लगाया है. वहीं, यह अर्धशतक लगाते ही पाटीदार ने एक रिकॉर्ड के मामले में रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली.

रजत पाटीदार ने आईपीएल 2024 के 41वें मैच में अर्धशतक लगाया. इस अर्धशतक के बाद रजत पाटीदार ने रॉयल चैलेंजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली है. पाटीदार ने 19 गेंदों में यह कारनामा किया. इससे पहले रॉबिन उथप्पा ने साल 2010 में महज 19 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी.

### आईपीएल में आरसीबी के लिए सबसे तेज अर्धशतक

- 2013, क्रिस गेल, 17 गेंदों में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ, बेंगलुरु
- 2010, रॉबिन उथप्पा, 19 गेंदों में पंजाब किंग्स के खिलाफ, बेंगलुरु
- 2024, रजत पाटीदार, 19 गेंदों में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, हैदराबाद
- 2012, एबी डिविलियर्स, 21 गेंदों में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ, जयपुर
- 2024, रजत पाटीदार, 21 गेंदों में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ, कोलकाता

### रजत पाटीदार बनाम सनराइजर्स हैदराबाद पारी

रजत पाटीदार ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंदों में 50 रन बनाए. उन्होंने ये रन 250 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं. पाटीदार ने इस पारी में 2 चौके और 5 छक्के लगाए. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ये दूसरी जीत है.





### बतौर ओपनर विराट कोहली का बड़ा कारनामा

## 4000 रन आईपीएल में पूरे किए, धवन-वॉर्नर के क्लब में बनाई जगह



**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली। आईपीएल 2024 का 41वां मैच गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। इस मुकाबले में आरसीबी ने एसआरएच का किला भेद दिया। बल्लेबाजी के दौरान विराट कोहली औ र रजत पाटीदार ने दमदार प्रदर्शन किया। दोनों ने ताबड़तोड़ अर्धशतक लगाए। दिलचस्प बात यह है कि किंग कोहली ने बतौर सलामी बल्लेबाज आईपीएल में 4000 रन पूरे कर लिए। हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला। इस सीजन में यह उनका चौथा अर्धशतक है। वहीं, पाटीदार ने महज 20 गेंदों का सामना किया और 50 रनों की तूफानी पारी खेली। उनके बल्ले से इस सीजन का यह तीसरा अर्धशतक निकला।

## कर्ण, कैमरून, स्वप्निल की शानदार गेंदबाजी, छह हार के बाद आरसीबी की जीत

**हैदराबाद, एजेंसी।** कर्ण शर्मा, कैमरून ग्रीन और स्वप्निल सिंह की शानदार गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को यहां राजीव गांधी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में लगातार छह हार के बाद अपनी पहली जीत दर्ज की। तीनों ने दो-दो विकेट चटकाए। कर्ण शर्मा ने तीन ओवरों में 29 रन देकर दो विकेट लिए। कैमरून ग्रीन ने दो ओवरों में 12 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि स्वप्निल सिंह ने खतरनाक एडेन मार्क्रम (7) और हेनरिक क्लासेन (7) को आउट करके एक प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई। इससे पहले विराट कोहली और रजत पाटीदार के अर्धशतकों की मदद से बेंगलुरु ने 20 ओवरों में 206/7 का स्कोर खड़ा किया। कैमरून ग्रीन ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन किया और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन के अलावा 20 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली और एक अच्छा कैच भी लिया। एसआरएच लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवरों में 171/8 ही बना सकी। यह देखते हुए कि एसआरएच ने इस सीज़न में दो सबसे बड़े स्कोर बनाए हैं, यह उनके लिए बहुत कठिन लक्ष्य नहीं था। आईपीएल की अपनी तीसरी हार के साथ टीम तीसरे स्थान पर बनी हुई है। आरसीबी ने अब दो जीत के साथ सबसे नीचे है।सनराइजर्स हैदराबाद को पावर-प्ले में चार झटके लगे और उन्होंने मैच लगभग वहीं गंवा दिया था।

**संक्षिप्त स्कोर**–रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 20 ओवर में 206/7 (विराट कोहली 51, रजत पाटीदार 50, कैमरून ग्रीन 37 नाबाद; जयदेव उनादकट 3-30, टी.नटराजन 2-39) ने सनराइजर्स हैदराबाद 20 ओवर में 171/8 (शाहबाज अहमद 40 नाबाद, अभिषेक शर्मा 31, पैट कमिंस 31; कैमरून ग्रीन 2-12, कर्ण शर्मा 2-29, स्वप्निल सिंह 2-40) को 35 रन से हरा दिया।

## आईपीएल के बीच धोनी के नाम से वायरल हो रहा फर्जी पोस्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में बल्ले से धूम मचा रहे एमएस धोनी के नाम को लेकर एक फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक मैसेज है और उनके नाम पर पैसे की मदद मांगी गई है। पोस्ट में स्कैमर्स ने धोनी बनकर यह दावा किया है कि मैं महेंद्र सिंह धोनी हूं और मैं एक प्राइवेट अकाउंट से आप लोगों को मैसेज कर रहा हूं। मैं रांची के बाहरी क्षेत्र में फंस गया हूं और मैं यहां आते वक्त अपना वॉलेट लाना भूल गया था। मुझे वापस बस से घर लौटना है। क्या आपलोग मुझे फोन पे पर 600 रुपए ट्रांसफर कर दोगे। मैं घर जाकर आपके पैसे लौटा दूंगा। इस पोस्ट में ठग ने धोनी की एक फोटो भी शेयर की है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। लाखों लोगों ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है।

# व्यापार

## वोडा-आईडिया का 18,000 करोड़ जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा : कुमार मंगलम बिड़ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का



18,000 करोड़ रुपए जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। कंपनी भारी प्रतिस्पर्धा के बीच ग्राहकों को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। बिड़ला ने FPO के सूचीबद्ध कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5 प्रतिशत सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने ''हां'' में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।'' हालांकि, बिड़ला ने इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बेचने की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## कोटक महिंद्रा बैंक पर आईबीआई की बड़ी कार्रवाई, नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर लगाई रोक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए नए ग्राहक जोड़ने पर रोक लगा दी है। इसके अलावा आरबीआई ने कोटक बैंक के नए क्रेडिट कार्ड्स भी जारी किए जाने पर रोक लगाने का फैसला किया है। हालांकि आरबीआई ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक अपने मौजूदा कस्टमर्स जिसमें क्रेडिट कार्ड कस्टमर्स भी शामिल हैं उन्हें सभी सर्विसेज उपलब्ध कराती रहेगी।

## शुरुआती बढ़त के बाद कमजोर पड़ा बाजार; सेंसेक्स 250 अंक टूटा, निफ्टी 22500 से फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को जैसे-जैसे दिन चढ़ा बाजार पर बिकवाली हावी होती गई और इसने अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी। सुबह 11.14 मिनट पर सेंसेक्स 200.15 (0.26 प्रतिशत) अंकों की गिरावट के साथ 74,139.29 पर और निफ्टी 54.30 (0.24 प्रतिशत) अंक टूटकर 22,516.05 अंकों के स्तर पर कारोबार करता दिखा। एशियाई बाजारों में दिखी बढ़त के बाद भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स लगातार छठे दिन हरे निशान पर खुले। हालांकि शुरुआती कारोबार में बढ़त मामूली ही रही और धीरे-धीरे बाजार पर बिकवाली हावी होती गई। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी सेक्टर के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। सुबह 9 बजकर 23 मिनट पर सेंसेक्स 87 अंकों या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,424 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 28 अंक मजबूत होकर 22,598 पर कारोबार कर रहा था।

## भारत का सेवा निर्यात 11 फीसदी बढ़कर 345 अरब डॉलर पहुंचा, चीन में 10 फीसदी गिरावट



**नई, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने 2023 में 345 अरब डॉलर के सेवाओं का निर्यात किया। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में 11.4 फीसदी अधिक है। हालांकि, इस अवधि में चीन का सेवा निर्यात 10.1 फीसदी घटकर 381 अरब डॉलर रह गया।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हालांकि, 2023 में भारत का सेवा आयात एक साल पहले की तुलना में 0.4 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब डॉलर रह गया। उद्योग से जुड़े एक विशेषज्ञ ने कहा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व इस पर आधारित सेवाओं और यात्रा का निर्यात मजबूत हो रहा है। एजेंसी यूएनसीटीएडी ने में कहा, भारत का सेवा निर्यात ऐतिहासिक रूप से उत्तरी अमेरिका और यूरोप में केंद्रित रहा है।

## सरकार ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी, तीन बंदरगाहों से तय मात्रा में होगा शिपमेंट

**नई, एजेंसी।** भारत ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी है। तय किए गए तीन बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है।

भारत सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी गई है। सरकार ने देश के तीन बंदरगाहों से सफेद प्याज के विदेशी शिपमेंट को मंजूरी दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सफेद प्याज का निर्यात करने वाले निर्यातक को सामान और सामान की मात्रा को प्रमाणित करने के लिए गुजरात सरकार के बागवानी आयुक्त से प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात के लिए कुछ बंदरगाहों के नाम तय किए गए हैं। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी होता कि तय किए गए बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है। सरकार द्वारा निर्यात के लिए मुंद्रा बंदरगाह, पिपावाव बंदरगाह और न्हावा शेवा (जेएनपीटी) बंदरगाह के नाम तय किए गए हैं। अधिसूचना में आगे बताया गया है कि राजनीतिक रूप से संवेदनशील वस्तु प्याज के निर्यात पर सामान्य तौर पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन मित्र राष्टों के अनुरोध पर सरकार द्वारा एक तय मात्रा में इसके शिपमेंट की अनुमति दी गई है।

## आईसीआईसीआई ने ब्लॉक किए 17000 क्रेडिट कार्ड




**नई, एजेंसी।** देश के टॉप बैंकों में शुमार आईसीआईसीआई बैंक ने अपने 17000 ग्राहकों का क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कर दिया है। दरअसल बुधवार को आईसीआईसीआई बैंक की मोबाइल ऐप imobile की सर्विसेज में दिक्कतें आ रही थी। बैंक के मुताबिक हाल ही में जारी किए गए लगभग 17,000 क्रेडिट कार्ड का ब्योरा गलत उपयोगकर्ताओं से जुड़ने का मामला सामने आने के बाद सारे कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं।

आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि हालांकि इस मामले में किसी भी कार्ड के किसी दुरूपयोग की सूचना नहीं है लेकिन ग्राहक को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान होने पर वह उसका मुआवजा देने को तैयार है।

दरअसल बैंक ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि बैंक के नए ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड का नंबर कुछ पुराने ग्राहकों के कार्ड के साथ गलती से जुड़ गए थे। इस गड़बड़ी की वजह से बैंक के मोबाइल ऐप पर चुनिंदा पुराने ग्राहकों को नए कार्डधारकों का पूरा ब्योरा दिखने लगा था। सोशल मीडिया पर बुधवार शाम से ही बैंक की इस गलती को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि अब इसे सुधार लिया गया है। गलत मैपिंग के कारण बैंक का पुराना यूजर्स नए क्रेडिट कार्ड ग्राहक के बारे में पूरी जानकारी को देख पा रहे थे। हालांकि अब इसे ठीक कर लिया गया है। आईसीआईसीआई बैंक के मुताबिक इस समस्या की चपेट में आए क्रेडिट उसके कुल कार्ड पोर्टफोलियो का केवल 0.1 प्रतिशत है। बैंक के मुताबिक इन सभी कार्ड को ब्लॉक कर दिया गया है और ग्राहकों को नये कार्ड जारी किए जाएंगे। मोबाइल एप में दिक्कत आने के बाद गुरुवार को बैंक ने बयान जारी कर कहा था कि हमारे ग्राहक हमारी सबसे पहली प्राथमिकता हैं। हम उनके हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें पता चला है कि बीते दिनों जारी किए गए 17,000 नए क्रेडिट कार्ड हमारे डिजिटल चैनल में गलत यूजर्स के साथ कनेक्ट हो गए हैं। ये बैंक के कुल क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो का महज 0.1 प्रतिशत है। समस्या से तत्काल निपटने के लिए फिलहाल इन कार्ड को बलॉक किया जा रहा है। वहीं ग्राहकों को नए कार्ड जारी किए जा रहे हैं। ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। अभी तक इन कार्ड के दुरुपयोग की हमें कोई सूचना नहीं मिली है। हालांकि हम भरोसा दिलाते हैं कि अगर किसी ग्राहक को इससे कोई फाइनेंशियल नुकसान होगा, तो बैंक उसकी उचित भरपाई करेगा।

जानकारों का मानना है कि गलत मैपिंग के बाद भी क्रेडिट कार्ड के जरिये फ्रॉड होने की संभावना बहुत कम है क्योंकि कोई भी भारतीय ऑनलाइन वेबसाइट नए ग्राहक के मोबाइल फोन पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजने का संदेश देती है। ओटीपी डालने पर भी ट्रांजैक्शन पूरा हो पाता है। आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से संबंधित गड़बड़ी का यह मामला एक दिन पहले कोटक महिंद्रा बैंक पर रिजर्व बैंक की सख्त कार्रवाई के एक दिन बाद ही सामने आया है।

## भारत, यूएई 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार लक्ष्य को पार करने की राह पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीईपीए परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा कि मई 2022 में मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के व्यापार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) को जनवरी में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के मौके पर पेश किया गया था। दोनों देशों ने मई 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते



(सीईपीए) को लागू किया था।

अलजनेबी ने कहा कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद से यूएई-भारत व्यापारिक संबंध तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा, ''एक मई 2022 को सीईपीए लागू होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमरीकी डॉलर हासिल करने के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। अलजनेबी ने जयपुर में व्यापार गोलमेज बैठक में यह बात कही।

# रेता बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्राली मनमानी कर दे रहे हैं दुर्घटना को दावत, पुलिस मौन

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** शहर में रेता.बजरी से भरे ट्रैक्टर.ट्राली मौत बनकर घुम रहे हैं। पुलिस प्रशासन की अनदेखी से इनकी सडको पर मनमानी जारी है। जिस कारण कई हादसे भी हो चुके हैं। लेकिन ट्रैफिक्र पुलिस केवल चालान करने तक सीमट कर रहे गई है। अवैध रूप से चलन वाले ट्रैक्टर.ट्राली बगैर पुलिस की शह पर नहीं चल रहे हैं। जहां तीन सवारियों को देखकर चालान केलिए दौडने वाली ट्रैफिक्र पुलिस को यह वाहन दिखाई नहीं देते। बुधवार को ट्रैक्टर -ट्राली की बजह से ही मां और उसकी मासूम बेटी की मौत हो गई। अगर अधिकारी ऐसे वाहनों पर रोक नही लगाएगें तो हादसे होते रहेगे।



बतातें चले बुधवार को रेलवे कर्मी शम्सुलहक की 40 वर्षीय पत्नी फिरदौस अख्तर अपनी बेटी अक्शा अख्तर और तीन साल की बेटी जन्नत केसाथ दवा लेने जा रहे थे। तभी उन्हें मिनी बाईपास स्थित निर्माणाधीन रोडबेज बस अड्डे के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने टक्कर मार दी। जिससे मां फिरदौस अख्तर और तीन साल की बेटी जन्नत की मौके पर मौत हो गई। जबकि अक्शा घायल हो गई। इससे पहले भी शहर में ट्रैक्टर-ट्राली से हादसे हो चुके है। आलमगिरी गंज में एक बच्ची को भी ट्रैक्टर.ट्राली ने कुचला था। लेकिन अधिकारी इससे अनजान हैं।

बदायूं रोड, रामपुर रोड व पीलीभीत रोड पर अवैध रेता बजरी के कारोबारियों का कब्जा शहर के सभी प्रमुख रोड पर अवैध रेता बजरी का कारोबार करने वाले लोगों ने कब्जा कर रखा है जिसमें कहीं न कहीं नगर निगमए पीडब्ल्यूडी अधिकारी इन कारोबारियों से मिले हुए हैं। जिस कारण यह लोग बेफ्रिक्र होकर यह काम काम कर रहे हैं। पुलिस भी इन लोगों से रुपये लेने के मामले में पहले से बदनाम है।

शहर में जो भी ट्रैक्टर.ट्राली चल रहे हैं। उनके पास कोई भी लाइसेंस नहीं है। यहां तक की उन्हें इसकी शहर में चलाने की परमीशन है। उसके बाद भी ट्रैफिक्र पुलिस की शह पर यह शहर में धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं। ट्रैफिक्र पुलिस केवल चालान काटने तक सीमित रह गई है।

यातायात पुलिस व पुलिस हर चौराहे पर मुस्तेदी से खड़ी नजर आती है। उसकेबाद भी यह रेता.बजरी भरे वाहन शहर में फर्राटा भरते नजर आते हैं। बगैर पुलिस की परमीशन के यह नहीं दौड़ सकते। इसमें ट्रैफिक्र सिपाही इन लोगों से मोटा पैसा बसूलते है। जिस कारण इन्हें शहर में खुली छुट मिलती है।

# गाजा पट्टी के लोगों के लिए अमेरिका के छात्रों का छलका दर्द, इस्राइल के खिलाफ किया प्रदर्शन, 93 गिरफ्तार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं हमास और इस्राइल बीते छह महीने से जंग लड़ रहे हैं। इस्राइल द्वारा हमास को खत्म करने का संकल्प गाजा पट्टी के लोगों पर भारी पड़ रहा है। गाजा में पैदा हुई मानवीय परिस्थितियों को लेकर अमेरिका में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अब इसकी चपेट में विश्वविद्यालय भी आ गए हैं।दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में प्रदर्शन के दौरान कई छात्रों को गिरफ्तार किया गया है। लॉस एंजिलिस पुलिस विभाग ने बताया कि दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में 93 छात्रों को गिरफ्तार किया गया है।




हमास ने सात अक्तूबर को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरुआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। अब तक इस्राइल और गाजा में कुल मिलाकर 30000 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। बता दें कि गाजा के अधिकारियों का कहना है कि सात अक्तूबर के बाद से गाजा में इस्राइल के सैन्य अभियान में अब तक उनके 34,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं, जबकि हजारों शवों के अब भी मलबे में दबे होने की आशंका है।

लॉस एंजिल्स के पुलिस कप्तान केली मुनीज का कहना है कि विश्वविद्यालय एक निजी परिसर है। समूह कुछ आदेशों का उल्लंघन कर रहा था। इसलिए छात्रों को गिरफ्तार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा एक व्यक्ति को घातक हथियार से हमला करने के लिए भी गिरफ्तार किया गया। हालांकि, फिलहाल किसी प्रदर्शनकारी या अधिकारी के घायल होने की खबर नहीं है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, यूएससी के सार्वजनिक सुरक्षा विभाग ने बुधवार दोपहर को परिसर के एलुमनी पार्क में इकट्ठा हुए प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गिरफ्तारी का आदेश दिया।

विश्वविद्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान तनाव तब बढ़ गया, जब प्रदर्शनकारियों ने अपने टेंट और सामानों को हटाने से इनकार कर दिया। इसके बाद विश्वविद्यालय ने बुधवार शाम को परिसर बंद करवा दिया। वहीं, एलएपीडी ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करना शुरू कर दिया। अमेरिकी संसद अध्यक्ष माइक जॉनसन ने कोलंबिया विश्वविद्यालय का दौरा किया। उन्होंने यहूदी छात्रों की रक्षा करने में विफल रहने के लिए कोलंबिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष मिनोचे शफीक को इस्तीफा देने के लिए कहा। उन्होंने यहूदी विरोधी भीड़ पर अमेरिकी विश्वविद्यालयों पर कब्जा करने का आरोप लगाया। हालांकि, इस दौरान जॉनसन को छात्रों के विरोध का सामना करना पड़ा। छात्रों ने उनके खिलाफ नारे लगाए और संबोधन के दौरान अपशब्द भी कहे।

# भीषण गर्मी के चलते कुत्ते हुए खूंखार जनता पर कर रहे हैं हमला

अमर प्रभात ब्यूरो

**बरेली।** भीषण गर्मी में खूंखार हो रहे कुत्तो का राहगीरों पर आक्रमण बढ़ता जा रहा है। बंडिया हो या बिहारीपुर, मलूकपुर जसोली में रात के अंधेरे में खूखार कुत्तो का झुंड बैठा रहता है पैदल चलने वालों की हिम्मत नहीं कि वह अपने रास्ते केलिए निकल पाए। कुत्तों का झुंड राहगीरोंपर आक्रमण कर घायल करने केसाथ ही बाइक सवारों पर भी आक्रमण के लिए दौड़ाते देखे जा सकते है। शुक्रवार की सुबह बिहारीपुर और मलूकपुर में बाइक सवार पर कुत्तो केझुड ने दौड़ा दिया जिससे बाइक सवार चोटिल हो गया पास के अस्पताल में उपचार कराया है।

कटघर के अनिल कुमार ने बताया कि दिल्ली से उनकी मौसी प्रेमवती आयी थी। आज सुबह सवा चार बजे करीब वह अपनी मौसी को बुआ के घर मलूकपुर छोडने गए थे इसी दौरान बजरिया में कुत्तो केझुंड ने दौड़ा लिया कुतो के काटने से बचने केलिए बाइक दौड़ाई जिससे बाइक आगे जाकर टकरा गई और चोटिल हो गए। जीजीआईसी रोड पर एक अस्पताल में उपचार कराने केबाद एक्सरा कराने की सलाह दी है। बताया है कि यही स्थिति बंडिया और बिहारीपुर ललिता देवी मंदिर केपास की है रात के अंधेर में कुत्तो का झुंड लोगों पर हमला कर घायल कर देता है कई लोगों को पहले काट चुके है।

# महानिदेशक स्कूली शिक्षा ने दिए ईपीए व्यवस्था लागू करने के निर्देश

**बरेली।** महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा द्वारा पत्र जारी कर पीएफ्एमएस प्रणाली के अन्तर्गत भुगतान में संशोधन कर पीपीए के बजाए इलेक्ट्रिानिक पेमेंट एडवाइज (ईपीए) व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिये गये है। दरअसल भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एसएनए प्रणाली में भुगतान के विषय में ईपीए व्यवस्था लागू की जानी है। प्रथम चरण में राज्य परियोजना कार्यालय, समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों के जीरो बैलेंस अकाउंट में भुगतान के विषय में ईपीए की व्यवस्था लागू की जायेगी एवं चरणबद्ध रूप में इसे विद्यालयों तक लागू करने की तैयारी है। इसको लेकर महाप्रबंधक बैंक ऑफ़बड़ौदा लखनऊ को निर्देशित किया गया है कि राज्य परियोजना कार्यालयए समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालयों में ईपीए व्यवस्था लागू करने के लिए लॉगिन पासवर्ड उपलब्ध करायें तथा उन्हे एक्टीवेट भी कराना सुनिश्चित करें।

# न्यूड पार्टी आयोजित कर बुरी फंसी एक्ट्रेस, कोर्ट ने लिया ऐक्शन; लगाया भारी जुर्माना



**मॉस्को, एजेंसी।** रूस की एक अदालत ने न्यूड पार्टी की मेजबानी कर चर्चा में आने वाली टीवी एंकर और एक्ट्रेस अनास्तासिया इविलेवा पर 50,000 रूबल (560 अमेरिकी डॉलर) का गुरुवार को जुर्माना लगाया। अदाकारा पर अपने सोशल मीडिया पोस्ट में यूक्रेन के साथ शांति का आह्वान कर सेना को बदनाम करने के लिए जुर्माना लगाया गया। इविलेवा के खिलाफ तब जनआक्रोश फूट पड़ा था जब उन्होंने दिसंबर में एक पार्टी की मेजबानी की जिसमें मेहमानों को लगभग निर्वस्त्र अवस्था में आने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इविलेवा गैर-आपराधिक मामले में अदालत में पेश नहीं हुईं। यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के शुरुआती दिनों में शांति और बातचीत का आह्वान करने वाले दो सोशल मीडिया पोस्ट के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया। अदालत ने उन्हें सेना को बदनाम करने वाली टिप्पणियों के संदर्भ में कानून का उल्लंघन करने का दोषी पाया, हालांकि पोस्ट के कई दिन बाद कानून पारित किया गया था। मास्को के एक नाइट क्लब में पार्टी की मेजबानी करने के बाद इविलेवा सुर्खियों में आ गई थीं। उन्होंने जो निमंत्रण पत्र भेजा था उसमें मेहमानों से ड्रेस कोड के तौर पर लगभग निर्वस्त्र अवस्था में आने को कहा गया था। एक जाने-माने रैपर भी बेहद कम कपड़ों में नजर आए थे। जन प्रतिनिधियों, ब्लॉगर और अन्य ने इस तरह के आयोजन की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए युद्ध में उलझे देश के लिए इसे अशोभनीय बताया था।

# सैन एंटोनियो पुलिस की फायरिंग में भारतीय मूल के व्यक्ति की गई जान, पकड़ने की कोशिश करते हुए चलाई गोली

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** सैन एंटोनियो में भारतीय मूल के एक 42 साल के शख्स की पुलिस की गोली लगकर मौत हो गई। दरअसल, पुलिस एक गंभीर मामले में उसे पकड़ने की कोशिश कर रही थी, तभी उसने अधिकारियों के वाहन को टक्कर मार दी।

21 अप्रैल को पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर द्वारा सचिन साहू को गोली मारने के बाद घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था। साहू मूल रूप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि वह अमेरिकी नागरिक हो सकता है।

सैन एंटोनियो पुलिस विभाग ने कहा कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि 21 अप्रैल को शाम करीब साढ़े छह बजे अधिकारियों को घातक हथियार के साथ गंभीर हमले के बारे में एक रिपोर्ट के लिए सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स में एक घर भेजा गया था। जब अधिकारी पहुंचे तो वहां एक 51 साल की महिला मिली, जिसे जानबूझकर एक वाहन से टक्कर मारी गई थी। साहू पर हमले का आरोप था। वह मौके से फरार हो गया था। पीड़िता को गंभीर हालत में स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं, पुलिस ने साहू के लिए एक गिरफ्तारी वारंट जारी किया। कई घंटे बीतने के बाद पड़ोसियों ने पुलिस को बताया कि साहू घर लौट आया है। सूचना पर अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे पकड़ने की कोशिश की। हालांकि, आरोपी ने भागने की कोशिश की और अपने वाहन से दो अधिकारियों को टक्कर मार दी। इस पर एक अधिकारी ने साहू को गोली मार दी, जिससे उसके मौत हो गई। एक घायल अधिकारी को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। वहीं, दूसरे का घटनास्थल पर ही इलाज किया गया। घटना के दौरान कोई और घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि जांच अब भी जारी है। पुलिस प्रमुख बिल मैकमैनस ने कहा कि साहू ने अपने साथ रहने वाली महिला को वाहन से कुचल दिया था। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।



# इस्राइल ने राफा पर हमले किए तेज, हमास ने फिर दिया उकसाने वाला बयान

**यरुशलम, एजेंसी।** हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि इस्राइल अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा। आइए जानते हैं अब तक क्या कुछ हुआ।

दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। वहीं ईरान और इस्राइल के बीच भी जंग छिड़ती दिख रही है। दो कट्टर दुश्मन देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। इधर, हमास और इस्राइल बीते छह महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं। हमास को निशाना बनाने के लिए दक्षिणी गाजा में अपने सैन्य अभियान के साथ आगे बढ़ने के संकल्प के साथ ही इस्राइल ने राफा पर हमले तेज कर दिए हैं। हालांकि, हमास ने कह दिया है कि भले ही इस्राइल ने हमले तेज कर दिए हो पर वह अपने मकसद में कामयाब नहीं हो पाएगा।

# अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मुलाकात की

**बीजिंग, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच विभिन्न द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विवाद को दूर करने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने शुक्रवार को चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग और अन्य वरिष्ठ चीनी अधिकारियों के साथ मुलाकात की। उन्होंने साथ ही गलतफहमी और गलत आकलनों के खतरों को लेकर चेतावनी भी दी। ब्लिंकन ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी और जन सुरक्षा मंत्री वांग शियाहोंग के साथ बातचीत के बाद राष्ट्रपति चिनफिंग से मुलाकात की। दोनों देशों के बीच मतभेदों के बढ़ने के बावजूद हाल के महीनों में बातचीत के दौर में वृद्धि हुई है। ब्लिंकन और वांग ने संवाद के रास्ते खुले रखने के महत्व को रेखांकित किया, लेकिन उन्होंने इस बात पर भी खेद जताया कि मतभेद अधिक गंभीर होते जा रहे हैं और वैश्विक सुरक्षा को खतरा पैदा कर रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में दोनों देशों के बीच गंभीर मतभेद तब उजागर हुए जब अमेरिकी राष्ट्पति जो बाइडन ने विदेशी सहायता विधेयक पर हस्ताक्षर किए जिसमें कई प्रावधान है जो चीन अपने खिलाफ मानता है।

# सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला ने किया अपने विज्ञापन अभियान का शुभारंभ, ओरेगन से हैं कांग्रेस दावेदार

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** भारतीय मूल की अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल की बहन सुशीला ने संसदीय चुनाव के लिए अपना पहला विज्ञापन अभियान का शुभारंभ गुरुवार को ओरेगन से किया। सुशीला पहले मल्टनोमा में काउंटी कमिश्नर रही हैं।

ओरेगॉन के तीसरे कांग्रेसनल डिस्ट्रिक्ट में कांग्रेस (संसद) के लिए उम्मीदवार सुशीला जयपाल ने अपने विज्ञापन अभियान में अपने प्रगतिशील कामों और गर्भपात अधिकार कार्यकर्ता के रूप में अपनी सेवा पर प्रकाश डाला। जयपाल ने प्राइमरी मतदाताओं तक अपना संदेश पहुंचाने के लिए टेलीविजन और डिजिटल मंचों पर तीस सेकंड के दो विज्ञापन टॉक अबाउट इट और पर्सनल जारी किए।

टॉक अबाउट इट विज्ञापन में सुशीला की निजी यात्रा के बारे में जानकारी दी गई। इसमें बताया गया है कि जब वह छोटी थीं तब उन्होंने कैसे गर्भपात कराने का मुश्किल भरा फैसला लिया। इस अनुभव ने उनके वकालत के काम को गहराई से प्रभावित किया, खासतौर पर महिलाओं के गर्भपात के अधिकारों का समर्थन करने में। उनके प्रयासों में दवा सहायता प्राप्त गर्भपात सेवाओं को शुरू करने के लिए एक स्थानीय क्लीनिक के साथ सहयोग करना



शामिल है, जो इसे देश में अपनी तरह का पहला क्लीनिक बनाता है।

दूसरा विज्ञापन पर्सनल उनकी आप्रवासी पृष्ठभूमि के बारे में बताता है। इसमें उन्होंने अपने माता-पिता से मिले सेवा और समानता के मूल्यों, ग्रीन न्यू डील, मेडिकेयर फॉर ऑल जैसी महत्वकांक्षी नीतियों और ठोस समाधानों पर प्रकाश डाला है।

सुशीला ने मल्टनोमा काउंडी बोर्ड के कमिश्नर पद से इस्तीफा दिया था। वह पेशे से वकील भी हैं। वह गर्भपात अधिकार, बंदूक सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर काम कर चुकी हैं। वह कई मौकों पर कह चुकी हैं कि वह कभी भी प्रचार के लिए कॉरपोरेट चंदे को स्वीकार नहीं करेंगी।

# दुनिया में भूख से तड़प रहे 28.2 करोड़ लोग, यूएन की 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में खुलासा

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिणी सूडान, बुर्किना फासो, सोमालिया और माली में हजारों लोग भूख से तड़प रहे हैं। रिपोर्ट में भावी परिदृश्य का अनुमान है कि गाजा में 11 लाख व दक्षिण सूडान में 79 हजार लोग जुलाई तक 5वें चरण में पहुंच सकते हैं।



वर्ष 2023 में 59 देशों के करीब 28.2 करोड़ लोग भूख से तड़पने को मजबूर हुए और युद्धग्रस्त गाजा में सबसे ज्यादा लोगों ने अकाल की गंभीर स्थिति का सामना किया। संयुक्त राष्ट्र ने 'ग्लोबल रिपोर्ट ऑन फूड क्राइसिस' में इसकी जानकारी दी।

रिपोर्ट के मुताबिक, 2022 में 2.4 करोड़ से अधिक लोगों को खाद्य सामग्री की भारी कमी से जूझना पड़ा। इसके चलते गाजा पट्टी और सूडान में खाद्य सुरक्षा के बिगड़े हालात थे। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों ने भूख का एक पैमाना तय किया है, जिसमें पांच देशों के 7,05,000 लोग पांचवे चरण में हैं, जिसे उच्च स्तर माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र में खाद्य-कृषि संगठन के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने कहा, 2016 में वैश्विक रिपोर्ट जारी करने की शुरुआत के मुकाबले भूख से तड़पने वालों की यह संख्या अब तक सर्वाधिक है।

अकाल के लिए होंगे मजबूर

# अमेरिका ने भारत की तीन कंपनियों पर लगाई पाबंदी, ईरान के साथ डील करने पर ऐक्शन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने एक दर्जन से ज्यादा ऐसी कंपनियों पर पाबंदियां लगा दी हैं, जिन्होंने ईरान के साथ कारोबार किया था। इनमें भारत की भी तीन कंपनियां शामिल हैं। इन कंपनियों पर आरोप है कि ईरान की ओर से यूक्रेन युद्ध के लिए रूस को ड्रोन भेजे गए थे और इस डील में इनकी ओर से मदद की गई थी। अमेरिका के ट्रेजरी डिपार्टमेंट का कहना है कि हमने जांच में पाया है कि इन कंपनियों ने ईरान के साथ रूस की डील में मदद की थी। अमेरिकी विभाग के अनुसार इस डील में मुख्य कंपनी सहारा थंडर थी, जिसने ईरान के ड्रोन्स को दूसरे देशों में बेचने में मदद की।

सहारा थंडर को इस डील में मदद करने का आरोप भारत की तीन कंपनियों जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड पर लगा है। अमेरिकी एजेंसी के अनुसार ईरानी सैन्य यूनिट सहारा थंडर एक विशाल शिपिंग नेटवर्क वाली कंपनी है। यह ईरान के रक्षा और सशस्त्र बल रसद मंत्रालय (एमओडीएएफएल) की ओर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना (पीआरसी), रूस, वेनेजुएला और कई देशों में ईरानी वस्तुओं की बिक्री करती है।

सहारा थंडर ने कुक आइलैंड्स-ध्वजांकित जहाज सीएचईएम (आईएमओ 9240914) के लिए भारत स्थित ज़ेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ टाइम-चार्टर के साथ करार किया है। इसका प्रबंधन और संचालन संयुक्त अरब अमीरात स्थित सेफ सीज़ शिप मैनेजमेंट एफजेडई द्वारा किया जाता है। ट्रेजरी विभाग ने कहा है,



'सहारा थंडर ने 2022 से वस्तुओं के कई जहाज भेजने के लिए सीएचईएम का उपयोग किया है। ईरान स्थित अर्सांग सेफ ट्रेडिंग कंपनी ने सीएचईएम सहित कई सहारा थंडर-संबंधित जहाज परिवहन में सेवाएं प्रदान की हैं।' ट्रेजरी के अनुसार, ईरान स्थित एशिया मरीन क्राउन एजेंसी ने कई सहारा थंडर शिपमेंट में सहयोग करते हुए ईरान के बंदर अब्बास में बंदरगाह एजेंट के रूप में काम किया है। इसमें कहा गया है, 'भारत स्थित सी आर्टशिप मैनेजमेंट (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और यूएई स्थित कंपनी ट्रांस गल्फ एजेंसी एलएलसी ने सहारा थंडर के समर्थन में जहाजों का प्रबंधन करने के लिए मिलकर काम किया है। इसके एवज में यूएई और ईरान स्थित कोरल ट्रेडिंग ईएसटी ने सहारा थंडर से ईरानी वस्तुएं खरीदी हैं।'

# कनाडा में मुफ्त खाना लेना भारतीय छात्र को पड़ा महंगा, छह दिनों तक कमरे में रहा बंद

**ओटावा, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर गलत जानकारियां अक्सर आग की तरह फैल जाती हैं और फिर उसका खामियाजा किसी न किसी को भुगतना पड़ता है। ऐसा ही कुछ एक भारतीय डाटा वैज्ञानिक के साथ हुआ। उन पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाया है। हालांकि, बढ़ते विवाद के बीच अब पढ़ाई के लिए कनाडा गए भारतीय छात्र मेहुल प्रजापति ने सफाई दी है। उन्होंने दावा किया कि यह नस्ली हमला था। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे वह पिछले छह दिनों से एक कमरे में बंद थे। वह डर की वजह से बाहर नहीं निकल रहे थे।

विवाद की शुरुआत एक वीडियो से होती है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रजापति ने कनाडाई फूड बैंकों से मुफ्त खाने का फायदा उठाने को लेकर सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड किया था। वीडियो में प्रजापति ने बताया था कि वह हर महीने खाने और किराने के सामान में सैकड़ों रुपये बचाते हैं। वीडियो में मेहुल ने बताया था कि वे कैसे हर महीने फूड और ग्रॉसरी में सैंकडों रुपये आसानी से बचा रहे हैं। उन्होंने वीडियो में बताया था कि ये ग्रॉसरी सभी छात्रों के लिए हैं। उन्होंने वीडियो में कहा था, यहां ज्यादातर कॉलेज और यूनिवर्सिटी में फूड बैंक होते हैं, जिन्हें ट्रस्ट, चर्च या नॉन प्रॉफिट ऑर्गेनाइजेशन द्वारा चलाया जाता है।

# टायर फटने से स्कूल वैन पलटी, आधा दर्जन से अधिक बच्चे घायल

**अलीगंज के राई रोड़ पर हुआ हादसा, पुलिस जांच में जुटी**

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत शुक्रवार को दोपहर राई रोड पर एक स्कूल वैन का टायर फटना भयानक हादसे का कारण बन गया। वैन पलटने से आधा दर्जन से अधिक स्कूली बच्चे घायल हो गए, जिनमें से एक छात्र की हालत गंभीर बताई गई है।




अलीगंज के तथागत मॉडल स्कूल से एक दर्जन बच्चे लेकर वैन वीरपुर गांव के लिए रवाना हुई थी। जैसे ही अलीगंज क्षेत्र के राई रोड़ पर पहुंची कि तभी तेज रफ्तार होने के कारण गाड़ी का टायर फट गया और बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई। खेतों में काम कर रहे ग्रामीण दौड़कर मौके पर पहुंचे और राहत कार्य में जुटते हुए पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और स्कूली बच्चों को अलीगंज स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया। जहां से घायल छात्र निशांत कुमार (7) पुत्र पवन कुमार की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया।

बच्चे के परिजन सुरेंद्र ने बताया की गाड़ी स्पीड में थी, जिसकी वजह से पलट गई। कई बच्चों को चोट लगी है। हादसे में अभय पुत्र संजीव कुमार, निखिल कुमार पुत्र हर्षित, कनक पुत्र नीरज कुमार, आनंद कुमार पुत्र दिनेश चन्द्र को हल्की चोटें आई हैं। अस्पताल में भर्ती घायल बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद वापस घर भेज दिया है। घटनास्थल पर मौजूद रहने वाले ग्रामीणों और पुलिस द्वारा बच्चों की रेशक्यू की गई। हादसे का कारण जानने के लिए जांच जारी है, हालांकि प्राथमिक जांच में पाया गया कि गाड़ी की रफ्तार तेज और टायर फटने के कारण हादसा हुआ।

## ट्रैक्टर ने बाइक में मारी टक्कर दो युवक घायल

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** जलेसर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत जलेसर इसौली मार्ग पर गांव मौजपुर निवासी शिवराज सिंह का पुत्रअजय मोहन व धेवता दीपू ट्रैक्टर एवं बाइक की भिडत में गंभीर रूप से घायल हो गए ट्रैक्टर स्वामी द्वारा पहले इलाज की कहकर अब नहीं कर रहा है इलाज पीड़ित शिवराज ने कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर की कार्यवाही की मांग

घटनाक्रम के अनुसार 21 अप्रैल को 7:30 बजे शिवराज का पुत्र अजय मोहन को देवता दीपू बाजार से अपनी बाइक से गांव जा रहे थे इस दौरान खेत से रोड पर चढ़ते समय मस्से ट्रैक्टर जो के राजेंद्र सिंह पुत्र नरोत्तम सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर का था ने टक्कर मार दी जिससे दोनों बच्चों की पैर की हड्डी टूट गई गंभीर हालत में दोनों बच्चों को आगरा रेफर कर दिया था जहां ट्रैक्टर स्वामी के द्वारा इलाज करने का आश्वासन दिया था लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी इलाज की धनराशि हॉस्पिटल में उपलब्ध नहीं कराई पीड़ित ने प्राथमिक की दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## मारपीट कर घायल करने का आरोप, केस दर्ज

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** जलेसर के महावीरगंज निवासी अजय पुत्र सुनहरीलाल का आरोप है कि यहीं के निवासी नेम सिंह पुत्र मुंशी समेत चार लोगों ने पीड़ित के साथ मारपीट की विरोध करने पर गाली गलौज की गई। वहीं दूसरी ओर मलावन थाना क्षेत्र के गांव छछैना निवासी अनुराग पुत्र अशोक कुमार का आरोप है कि गांव के निवासी बॉबी पुत्र भूरे सिंह समेत चार लोगों द्वारा पीड़ित के साथ मारपीट की, गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।

## बहला फुसलाकर दो लड़कियां भगाईं

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** मलावन क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसकी 15 वर्षीय बेटी कंगरौल में मौजूद थी। यहां का निवासी सर्जन पुत्र राकेश बहला फुसलाकर अगवा कर ले गया। जानकारी होने पर तलास की, लेकिन सुराग नहीं लगा। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर नयागांव के रहने वाले व्यक्ति का आरोप है कि उसकी 20 वर्षीय बेटी कुढाह थाना नयागांव मे मौजूद थी। आरोप है कि फर्रुखाबाद के कमालगंज थानान्तर्गत ग्राम नगला धारा निवासी रामचन्द्र उर्फ रामजी पुत्र बलवीर अपने साथी के साथ मिलकर आया और बहला फुसलाकर भगा ले गया। आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## अधिक मूल्य में बर्तन बेचने की रिपोर्ट दर्ज

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** हैड कांस्टेबिल हरनारायण शर्मा स्टोर मौहर्रिर पुलिस लाइंन एटा ने कोतवाली नगर में मामला दर्ज कराते हुए कहा है कि जनपद फिरोजाबाद के जैन बर्तन भंडार द्वारा पुलिस लाइन के लिए विक्रय किए गए सामान के अधिक मूल्य बनाकर प्रेषित कर दिए। जांच के दौरान मामला खुला। इस पर आरोपित जैन बर्तन भंडार के खिलाफमामला दर्ज कराया गया है। पुलिस जांच कर रही है।

## मारपीटकर महिला के कपड़े फाड़े, वीडियो बनाई

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** राजा का रामपुर थाना क्षेत्र के गांव अंगदपुर निवासी वीरपाल पुत्र यादराम सिंह का कहना है कि गांव के निवासी राजेन्द्र पुत्र रामस्वरूप समेत चार लोगों द्वारा पीड़ित की पत्नी को गाली गलौज करते हुए मारपीट की, गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया गया। कपड़े फाड़कर वीडियो बनाकर वायरल करने के लिए ब्लैक मेल किया। पीड़ित के खेत में खडत्री फसल को नुकसान पहुंचाया गया, चारों तरफलगे पत्थर उखाड़कर फेंक दिए गए। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराकर पीड़ित ने कार्रवाई की मांग की है।

## मुख्यमंत्री 28 को जलेसर, डीएम व एसएसपी ने किया ग्राउंड का निरीक्षण

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 अप्रैल को दोपहर 2 बजे जलेसर नगर के एमजीएम इंटर कॉलेज के ग्राउंड में जनसभा को संबोधित करेंगे। जनसभा को दृष्टिगत जहां भाजपा अपनी तैयारी कर रही है, भीड़ जुटाना के लिए मंथन बैठकों का आयोजन चल रहा है, वहीं प्रशासन भी अलर्ट मोड पर हैं। डीएम प्रेम रंजन सिंह और एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने ग्राउंड का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

प्रदेश के मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर दोपहर 2 बजे जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह, उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता, नायब तहसीलदार वंशिका सिंह सहित राजस्व विभाग, पालिका एवं कोतवाली पुलिस मौके पर मौजूद थी। शासन से प्राप्त निर्देशों का पालन करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। वहीं दूसरी ओर केंद्रीय मंत्री एवं प्रत्याशी एसपी सिंह बघेल ने प्रातकाल भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए रैली में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए इसके लिए भी कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सपा कार्यकर्ता सजग रहकर करें कार्य

**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** पूर्व विधायक रणजीत सुमन ने अपने निकट क्षेत्र के गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओं में भारतीय गठबंधन के जलेसर क्षेत्र के प्रत्याशी सुरेश चंद्र कर्दम के समर्थन में समर्थकों को सजगता के साथ कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि देश में भाजपा विरोधी लहर चल रही है और इस समय में सभी कार्यकर्ताओं को सजग रहने की आवश्यकता है।

नुक्कड़ सभाओं में सुमन ने साफकिया कि आचार संहिता का पूरी तरह से पालन करते हुए उन्हें समर्थन करना है। उन्होंने कहा कि विरोधियों के बहकावे में नहीं आकर, कार्यकर्ताओं को अपने कार्यों को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

सुमन ने बताया कि आगरा लोकसभा सीट पर भारी मतों से भारतीय गठबंधन को जीत मिल रही है, और इसके साथ ही उन्होंने गांवों में जनसंपर्क के साथ नुक्कड़ सभाएं की। उन्होंने सार्वजनिक स्थानों पर चर्चाएं की और लोगों को अपने विचारों को साझा किया।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम कराया है।

घटनाक्रम के अनुसार नयागांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम गुनामई निवासी नेत्रपाल (30) पुत्र तालेवर सिंह अलीगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मैनपुरी रोड स्थित झांझर पुलिया के पास थे। गुरूवार की देर सायं अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। भाई राजेन्द्र ने बताया कि नेत्रपाल को उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन उन्हें मृत घोषित कर दिया। चूंकि उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। घटना के बाद आरोपित चालक फरार हो गया। परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर कानूनी कार्रवाई की। पुलिस ने शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

## स्कूली बच्चों ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली




अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत अवागढ़ के जलेसर रोड स्थित जनता इंटर कॉलेज से हजारों विद्यार्थियों के साथ निकाली रैली। मैन बाजार, जलेसर रोड, अखाड़ा चौराहा, रोडवेज तिराहा, होते हुए नगर की गलियों में प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव के नेतृत्व में निकाली गई। छात्र-छात्राएं अपने हाथों में मतदान संबंधित नारे लिखे हुई पट्टिकाऐ लेकर चलते हुए लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने का आव्हान कर रहे थे। प्रधानाचार्य राकेश बाबू यादव ने आगामी लोकसभा के 7 मई को होने वाले चुनाव में मतदान अवश्य करने तथा अपने आसपास के मतदाताओं को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। सचेंद्र कुमार, विवेक दुबे, रणवीर कुमार सिंह परमार, डॉ अमरेंद्र सिंह, स्वीप प्रभारी डा. सुधीर उपाध्याय, राम प्रकाश आर्य, दीपक जैन, आलोक अमौरिया, अजय कुमार, अनूप सक्सेना, अश्वनी कुमार, अनिल कुमार, मुराही शर्मा, शशिकांत, मेहरवान सिंह आदि थे।

## दो साइबर ठग गिरफ्तार, बैंक खाता खुलवाने का धंधा उजागर

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** पुलिस ने दो शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया, जो भोले भाले लोगों के बैंक खाता खुलवा कर खातों की सप्लाई अन्य राज्यों में करते थे। इस ऑपरेशन में 2 मोबाइल बरामद किए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र सिंह के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी अमित राय के पर्यवेक्षण में, अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम ने धारा-420 के तहत सन्जू उर्फसंजय माथुर, पुत्र सूरजपाल सिंह, कपिल माथुर पुत्र टीकम सिंह निवासी समसपुर, थाना मारहरा को गिरफ्तार किया। आरोपितों के कब्जे से एंड्राइड मोबाइल, 3 सिमकार्ड, 12 बैंक खातों में 101, 695 रुपये की धनराशि बरामद की है। पुलिस ने बताया कि आरोपित भोले-भाले लोगों का बैंक खाता खुलवाकर धोखाधड़ी करते थे। उन्होंने भोले भाले लोगों से बैंक खातों की किट प्राप्त कर, उन्हें अन्य राज्यों में सप्लाई किया। आरापित अपने मंहगे शौक पूरे करने के लिए भोले भाले लोगो को अपने जाल में फंसाते थे।



## आज्ञात कारणो घर व झोपड़ी में लगी आग, घरेलू सामान जलकर हुआ स्वाहा

**कासगंज।** पटियाली थाना क्षेत्र के घौसगंज गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग की चपेट में आकर एक घर व झोपड़ी में रखा घरेलू सामान स्वाहा हो गया। जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं दमकल कर्मी घटना स्थल पर पहुंच गए और मशक्कत कर आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल को भी घटना से अवगत कराया गया है। घटनाक्रम के अनुसार पटियाली के घौसगंज गांव में शुक्रवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग की लपटें लगातार तेज होती चली गईं। गांव में आग के बाद चीखपुकार शुरू हो गई। ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। आग को विकराल होते देख पुलिस व दमकल विभाग को भी जानकारी दी। इसके बाद दमकल कर्मी दमकल समेत मौके पर पहुंच गए और मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया। तब तक आग ने लक्ष्मन शाक्य के घर में रखे बेड, कपड़े, गद्दा, रजाई, टीवी, नगदी सहित अन्य महत्वपूर्ण सामान जलाकर राख कर दिया। पड़ोसी रघुनाथ की झोपड़ी भी आग की चपेट में आकर जल गई। स्थानीय लोगों ने लेखपाल को भी अवगत कराया है और तहसील प्रशासन से आग से हुए नुकसान के एवज में मुआवजा देने की मांग की है।

## विद्युत तार लटके, कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा



**एटा(अमर प्रभात ब्यूरो)।** विद्युत विभाग की लाल फीता शाही के चलते जलेसर नगर में कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा विभाग के द्वारा बिल तो जमा कराए जा रहे हैं लेकिन उनकी रसीद नहीं दी जा रही। तमाम प्रयासों के उपरांत समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है, जिससे उपभोक्ताओं में तीव्र रोष व्याप्त है। गौरतलब है कि नगर ताज ट्रेपीजियम के अंतर्गत आता है, लेकिन सुविधाएं अभी भी पुराने जमाने की चली आ रही हैं। जिधर देखो, उधर तार लटके हुए दिखाई देते हैं, जो कभी भी हादसा कर सकते हैं, लेकिन विभाग के द्वारा इन पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गर्मी की शुरुआत हो रही है और जैसे-जैसे दिन बढ़ रहे हैं, वैसे-वैसे गर्मी अपने चरम पर पहुंचेगी, जिससे विद्युत व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो सकती है। अगर विद्युत तारों और विद्युत पोलों का कुछ नहीं किया गया, तो मौजूदा समय में विद्युत व्यवस्था में गड़बड़ी हो सकती है। विद्युत विभाग के द्वारा विद्युत बिलों को जमा करने के लिए हर तरह का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन उपभोक्ता बिल जमा करने भी पहुंच रहे हैं लेकिन उन्हें कोई रसीद नहीं मिल रही है। इस संदर्भ में, विद्युत उपखंड अधिकारी गुलशन किशोर ने बताया कि विद्युत तारों और पोलों को सही करने के लिए ठेका हो चुका है, लेकिन कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रिंटर मंडी जवाहरगंज पर खराब है, और उसे सही करने की व्यवस्था की जा रही है। यदि किसी को रसीद की जरूरत है, तो वह 33 केवीए विद्युत स्टेशन पर बिल जमा कर सकते हैं।

## मेडिकल कॉलेज में गंदगी और निर्माण के घातक गड़बड़ी का प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने किया औचक निरीक्षण

अमर प्रभात ब्यूरो

**एटा।** मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने एक औचक निरीक्षण के दौरान स्कूल की थर्ड फ्लोर पर गंदगी और बिल्डिंग के निर्माण से संबंधित अनेक गड़बड़ियों का खुलासा किया।

डॉ. पटेल ने गंदगी को लेकर संबंधित अधिकारियों को जमकर लताड़ा और पूरी मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग की साफ-सफाई के दिए निर्देश दिए। उन्होंने बिल्डिंग के कुछ हिस्सों में किए गए घटिया निर्माण और बंद पड़े आरओ को लेकर संबंधित अधिकारियों को जमकर लताड़ लगाई।



इसके अलावा, डॉ. पटेल ने अन्य विभागों के लिए हॉस्पिटल की बिल्डिंग में जल्द सुविधाएं स्थापित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, प्राचार्य डॉ. पटेल ने कर्मचारियों की ड्यूटी चेक की और विभिन्न विभागों में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रजनी पटेल ने इस निरीक्षण को स्वस्थ और सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करने के लिए किया और विद्यार्थियों व कर्मचारियों के हित में कठिन कदम उठाने का ऐलान किया।

## माइल्ड स्टोन से टकराकर कार में लगी आग, मां समेत ढाई साल का मासूम जिंदा जला

**पति ने कार से कूदकर बचाई जान, गम्भीर, पुलिस ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

अमर प्रभात ब्यूरो

**कासगंज।** ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत कैनाल बाइपास पर शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हुआ। सड़क किनारे लगे माइल्ड स्टोन से टकराकर बैगनार कार में आग लग गई। जिससे कार सवार ढाई माह का मासूम और उसकी मां जिंदा जल गई। कार चला रहे मासूम के पिता ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन पत्नी और बच्चे को बचाने में कामयाब नहीं हो सका। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है।



जिला बरेली के थाना भमोरा क्षेत्र के गांव रफिआबाद निवासी 30 वर्षीय आशीष यादव अपने ढाई माह के बेटे बाबू एवं 25 वर्षीय पत्नी मीना के साथ गुरुवार की देर रात अपने गांव से मथुरा जाने के लिए बैगनार कार से रवाना हुए। मथुरा में उन्हें शुक्रवार को दर्शन करने थे। जब कार सवार शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े तीन बजे कैनाल बाइपास से गुजर रहे थे कि तभी ढोलना थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव भगवंतपुर के समीप सड़क किनारे मार्ग की दूरी दर्शाने के लिए लगे पत्थर से कार अचानक टकरा गई। कार की गति तेज थी। पत्थर से टकराते ही कार समीप में ही खंभे से जा टकराई। चिंगारी के साथ अचानक कार में तेज धुएं के साथ आग की लपटें उठ गई। जब तक आशीष कुछ समझ पाता और अपनी पत्नी और बच्चे को बाहर निकाल पाता तब तक आग धूं-धूं कर जल उठी। मासूम बेटा और पत्नी जिंदा जलकर कालकवलित हो गए। आशीष ने कूदकर अपनी जान बचाई, लेकिन काफी हद तक जलकर घायल हो गया था। सूचना पर सीओ सिटी अजीत चौहान पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल विभाग बुलाया गया। बमुश्किल आग पर काबू पाया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वही एएसपी राजेश कुमार भारती का कहना कि माइल्ड स्टॉन से टकराकर कार में आग लगी। कार में पति पत्नी और बेटा सवार थे। कार चालक आशीष ने कूदकर अपनी जान बचा ली, जबकि ढाई माह का एक बच्चा और उसकी मां की आग से जलकर मौत हो गई। घटना दुखद है।

## सरकार ने नौजवानो के साथ किया धोखा- अखिलेश

**अग्निवीर व्यवस्था से कोई खुश नहीं, नहीं हो सकती सीमाओ की सुरक्षा**

अमर प्रभात ब्यूरो

**कासगंज।** सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव कासगंज में पहुंचे। जहां उन्होंने तुलसीदास की जन्म स्थली भगवान वराह की प्रकट स्थली सोरों मेला ग्राउंड में एक विशाल चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने बीजेपी सरकार पर जमकर जुबानी हमला किया। पीडीए परिवार के उम्मीदवार देवेश शाक्य को समर्थन देने की अपील की। साथ ही ईवीएम पर सवाल खड़े किए।



सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव तीसरे चरण में होने वाले मतदान को भुनाने के लिए एक बजकर 22 मिनट पर कासगंज में पहुंचे। जहा उन्होंने बीस हजार से अधिक समर्थकों को मंच पर पहुंच कर हाथ हिलाकर वंदन अभिनंदन किया। चिलचिलाती धूप में समर्थक पसीना से तरबतर होते हुए रूके रहे। उन्होंने सपा, इंडिया गठबंधन प्रत्याशी देवेश शाक्य के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए भगवान वराह, तुलसीदास, अमीर खुसरो को नमन करते हुए भाजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने नौजवानो बेरोजगार को लोगों को उत्साहित करते हुए कहाकि ये वो नौजवान है, फौज में जा सकते थे, नौकरी मिल सकती थी, अब बताओ अग्नि वीर व्यवस्था से कौन खुश है, ये अग्निवीर व्यवस्था चार साल की नौकरी, और चार साल नौकरी के साथ-साथ तो कोई सुविधा नही है, कोई सम्मान नही है, घर वापस आ जाओगे कोई पेंशन नहीं है, अग्निवीर व्यवस्था से हमारी सीमाओ की सुरक्षा नहीं हो सकती है, इसलिए हम अपने नौजवानो से कहना चाहते हैं, इंडिया गठबंधन सरकार बनाने जा रहा है। जिताईये, मदद करिए, जो पहले व्यवस्था थी, वो कायम करेंगे। इनकी जो भी परीक्षा हुई, सब में पेपर लीक हो गया। सब पेपर लीक किए सरकार ने, में अपने नौजवानो से कहना चाहता हूं, ये जानबूझकर पेपर लीक किए सरकार ने, जानबूझकर इसलिए किए हैं, लोगों को ये नौकरी नहीं देना चाहते, रोजगार देना नही चाहते, इसलिए पेपर लीक किए, अगर इस सरकार ने पहला पेपर लीक हुआ था, तो कार्वाई की होती तो दस पेपर लीक नहीं होता। याद करो जब पुलिस भर्ती हुई थी, इन लोगों ने कहा था इंतजाम हो गया, बहुत अच्छा इंतजाम है। सुरक्षित परीक्षा होगी, ये बीजेपी के लोगों ने कहा था, हमारा नौजवान सालों से तैयारी कर रहा था। पढाई कर रहा था, मेहनत कर रहा था, दिन रात जाग कर , न जाने कहाँ से इंतजाम किया होगा फार्म भरा, और परीक्षा स्थल तक पहुंचा इंतजाम करके, लेकिन जब घर लौट कर आया, उसे पता लगा पेपर लीक हो गया परीक्षा दुबारा होगी, परीक्षा ररद हो, इस सरकार को मजबूरी में हमारे नौजवानो के दबाब में परीक्षा को ररद करना पडा।

## चाइल्ड हेल्पलाइन कासगंज टीम ने रुकवाऐं दो बाल विवाह

अमर प्रभात ब्यूरो

**कासगंज।** थाना सोरों क्षेत्र के ग्राम भाउपुर में नाबालिग बालक के परिजन बालक की शादी करने जा रहे हैं थे। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन कासगंज जिला प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सौरभ यादव सुपरवाइजर योगेश कुमार सुरक्षा बल के साथ बालक का रेस्क्यू करके चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय में लेकर आए तथा एक अन्य मामले में चाइल्ड हेल्पलाइन कासगंज को सूचना प्राप्त हुई कि जनपद कासगंज के थाना पटियाली क्षेत्र में एक नाबालिक बालिका के परिजन बालिका की शादी कर रहे हैं अतः सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने थाना पटियाली की संयुक्त टीम बालिका के घर गई और बालिका को रेस्क्यू कर वन स्टॉप पर आवासित किया उसके उपरांत दोनो बच्चो को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिला प्रोजेक्ट को ऑर्डिनेटर सौरभ यादव ने बताया बाल विवाह रोक दिया गया है दोनो लोगों के माता पिता को शादी न करने निर्देश देते हुए कानूनी कारवाई से भी अवगत कराया।



## जनपद में 29 अप्रैल मतदाता जागरूकता दिवस

**कासगंज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी सुधा वर्मा के निर्देशन में जनपद मे 29 अप्रैल से 2 मई तक जनपद की तीनों विधानसभाओं में मतदाताओं को जागरूकता हेतु वोटर पर्ची एवं वोटर गाइड का वितरण किया जाएगा। जिला समन्वयक स्वीप एवं विज्ञान क्लब डॉ जयंत गुप्ता ने बताया कि आयोग की मंशा के अनुरूप शत प्रतिशत मतदान करने के उद्देश्य से तीनों विधानसभाओं में स्वीप अभियान के तहत वृहद रूप से वोटर चौपाल लगाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों आयोजित कराए जाएंगे। जिसमें मतदाताओं को वोटर पर्ची एवं वोटर गाइड भी वितरित की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश कुमार पटेल द्वारा बैठक कर निर्देशित किया गया है।

उनके द्वारा पत्र जारी कर समस्त ग्राम सभा में सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। 100 कासगंज विधानसभा क्षेत्र के लोएस्ट टर्न आउट बूथ के अंतर्गत सुमंत कुमार महेश्वरी इंटर कॉलेज में जिलाधिकारी सुधा वर्मा की गरिमामई उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 101 अमापुर विधानसभा के अंतर्गत लोएस्ट टर्न आउट बूथ मक्खन लाल इंटर कॉलेज अमापुर में अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार पटेल एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती की उपस्थिति में वोटर पर्ची एवं वोटर गाइड वितरित किए जाएंगे। 102 विधानसभा क्षेत्र पटियाली में लोएस्ट टर्न आउट बूथ प्राइमरी पाठशाला भरगैन में उप जिलाधिकारी कुलदीप सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक पटियाली विजय राणा की उपस्थिति में वोटर गाइड एवं वोटर पर्ची का वितरण किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य ने बताया कि विद्यालयों में कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रधानाचार्य को पत्र जारी कर निर्देशित कर दिया गया है। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी प्रदीप कुमार विमल,उप जिलाधिकारी योग्यता सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य, जिला बेसिक अधिकारी राजीव कुमार यादव, जिला समन्वयक विज्ञान क्लब डॉ जयंत गुप्ता, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# मतदान के दिन न मनाए छुट्टी, अवश्य करें मतदान : प्रेक्षक

## मेहंदी लगाकर किया मतदान के प्रति जागरुक, प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल देकर किया सम्मानित

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** राजकीय महाविद्यालय में मतदान के प्रति जागरूकता लाने के लिए मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के महाविद्यालय, इण्टर कालेज द्वारा प्रतिभाग किया गया। लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व में प्रतिभाग करने का जोश आधी आबादी में भी नजर आया। मेंहदी प्रतियोगिता में सामान्य प्रेक्षक केके सुदामाराव, पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवरे, व्यय प्रेक्षक आर कुमारन, अपर जिलाधिकारी (प्र.) रेनू सिंह द्वारा आर्कषक मेंहदी डिजाइन का अवलोकन कर उसे सराहा गया व सभी को मतदान करने की शपथ भी दिलाई गई।



लोकसभा सामान्य निर्वाचन में 07 मई मतदान दिवस वाले दिन मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार के दिशा-निर्देशन में स्वीप अभियान के अन्तर्गत व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। लोकतन्त्र के महात्यौहार में महिला मतदाताओं के हाथों में मतदान से संबंधित स्लोगन लिखकर मेहंदी रचाई, जिसमें लिखा गया पहले मतदान फिर जलपान। घर-घर में संदेश दो वोट दो वोट दो। जैसे कई स्लोगन मतदाताओं के हाथों में मेहंदी के माध्यम से लिखे गये।

सामान्य व्यय प्रेक्षक केके सुदामा राव ने कहा कि मतदान के दिन छुट्टी न मनाएं। खुद भी मतदान करें और आस-पास के लोगों को भी मतदान करवाएं। आज महिलाएं भी जागरुक हैं। वह स्वयं निर्णय लेकर मतदान करती हैं। मतदान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। इसलिए घर से निकलें और समय का सदुपयोग करें। पुलिस प्रेक्षक डा. प्रियंका नरवरे ने कहा कि कला से बड़ा कोई हुनर नहीं होता है। जब भी कोई बात कला के माध्यम से कही जाती है तो वह लोगों के जहन पर लंबे समय तक असर करती हैं। सशक्त लोकतंत्र के निर्माण में समाज के सभी लोगों को मतदान करना चाहिये। व्यय प्रेक्षक आर. कुमारन ने कहा कि मतदान करने की सिर्फ सोचने से काम नहीं चलेगा। हमें संकल्प लेना होगा कि मतदान स्वयं तो करना ही है साथ ही अन्य लोगों को भी जागरूक करते हुए उन्हें भी मतदान करवाना है। अपर जिलाधिकारी (प्र.) रेनू सिंह ने छात्राओं के उत्साह और समर्पण की सराहना की।

छात्राओं ने मतदान के महत्व को दर्शाती हुई मेंहदी लगाई इसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता और कलात्मकता के माध्यम से मताधिकारों के प्रति लोगों को जागरूक किया। हाथों पर बनाए ईवीएम के चित्र और मतदाताओं को जागरूक करने के विभिन्न कोटेशन रेखांकित किये गये, जिसकी प्रेक्षकों द्वारा प्रशंसा की गयी और सभी प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। सभी को मतदाता जागरूकता की शपथ ग्रहण करायी गयी।

इस अवसर पर तहसीलदार सदर सुरेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. प्रवेश कुमार, प्राचार्या राजकीय महाविद्यालय डा. श्रद्धा गुप्ता, सहप्रभारी स्वीप सरवर अली, डा. पंकज कुमार, डा. राकेश कुमार जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# ईवीएम-वीवी पैट की कमीशनिंग के समय मौजूद रहें प्रत्याशी

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** अपर जिलाधिकारी (वि.,रा.), उप जिला निर्वाचन अधिकारी डा. वैभव शर्मा ने जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन के परिपेक्ष्य में आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम-वीवी पैट के द्वितीय रैण्डमाईजेशन 24 अप्रैल के उपरान्त ईवीएम-वीवी पैट की विधानसभा मतदेय स्थलवार (विधानसभा 112 बिसौली (अ.जा.), 113 सहसवान, 114 बिल्सी, 115 बदायूँ, 116 शेखूपुर, 117 दातागंज) छंटाई के बाद ईसीआईएल के इंजीनियर की उपस्थिति में सम्बन्धित एआरओ द्वारा कमीशनिंग, मॉकपोल आदि का कार्य 27 अप्रैल को प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ कर कार्य की समाप्ति तक किया जायेगा। उन्होंने 23 बदायूँ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र एवं 24 आवंला लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र (आंशिक) के समस्त प्रत्याशियों से अनुरोध किया है कि इन ईवीएम, वीवी पैट की विधानसभा मतदेय स्थलवार छंटाई, कमीशनिंग एवं मॉकपोल आदि के समय उत्तर प्रदेश राज्य भण्डारण निगम मंडी समिति ककराला रोड स्थित स्ट्रांगरूम में प्रत्याशी स्वंय उपस्थित रहने अथवा अपने निर्वाचन अभिकर्ता, अधिकृत प्रतिनिधि को सम्पूर्ण अवधि में अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के लिए निर्देशित करने का कष्ट करें।

# मतदान के लिए उपलब्ध कराएं मतदान अभिकर्ताओं की सूचना

**बदायूं।** जिला मजिस्ट्रेट, जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश के द्वारा 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को डाकमत की सुविधा प्रदान की गयी है, इस क्रम में 23 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की समस्त विधानसभाओं के अन्तर्गत समस्त 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं को फार्म 12डी का वितरण किया गया है, जिसकी सूची एआरओ द्वारा प्रारुप 9 पर प्रमाणित करते हुए रिटर्निंग आफीसर 23 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बदायूं को उपलब्ध करायी गयी है। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग आफीसर 23 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र द्वारा प्रारुप 12 पर हस्ताक्षर करते मतदान के लिए 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की सूची तैयार कर ली गयी जिसके आधार पर 29 व 30 अप्रैल को मतदाताओं के घर-घर जाकर पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान की कार्यवाही सम्पन्न करायी जायेगी। उन्होंने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 23-बदायूँ व 24-आंवला के समस्त अभ्यर्थियों को 85 प्लस व पीडब्ल्यूडी मतदाताओं की तैयार की गई मतदाता सूची को प्रेषित करते हुए कहा कि वह 29 अप्रैल व 30 अप्रैल के मतदान के लिए निर्धारित प्रपत्र (प्रारूप 10) पर अपने मतदान अभिकर्ता नियुक्त करते हुए उसकी सूचना 27 अप्रैल तक मध्यान्ह 12 बजे उपलब्ध करा दें।

# क्ले मॉडलिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिता संपन्न



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** मदर एथीना स्कूल में विद्यार्थियों में छिपी प्रतिभा को निखारने और सँवारने के साथ-साथ पहचानने के लिए कक्षा प्लेग्रुप से कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था माई ब्लू प्लेनेट।

इसके अलावा कक्षा 6 से कक्षा 10 के विद्यार्थियों के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय था क्राइ ऑफ अर्थ। जिसमें प्रतिभाग कर विद्यार्थियों ने अपनी बुद्धिमता एवं कला-कौशल का प्रदर्शन किया।

विद्यालय की निदेशिका चयनिका सारस्वत ने बताया कि शिक्षा के साथ-साथ इस प्रकार की सह-शैक्षणिक गतिविधियाँ नवीन शिक्षा पद्धति का अभिन्न अंग है। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों के लिए सरल-सहज शिक्षा-प्रशिक्षण प्रदान करते हुए उनको जीवन के लक्ष्य प्राप्त करने में सहयोग प्रदान करना अनिवार्य है।

# केवल मतदाता पर्ची के आधार पर नहीं डाल सकेंगे वोट, प्रस्तुत करने होंगे आयोग द्वारा जारी विकल्प

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** डायट स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित पीठासीन अधिकारियों व मतदान अधिकारियों के प्रशिक्षण सत्र में मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गोपनीय मतदान प्रकोष्ठ में एक बार में एक ही मतदाता रहेगा। किसी भी सुरक्षा प्राप्त महानुभाव के सुरक्षा कर्मी बूथ के अन्दर नहीं आ सकते। प्रशिक्षण में देर से आने वाले मतदान अधिकारियों को सीडीओ ने चेतावनी देकर अलग साइड में बैठाया।



प्रभारी अधिकारी कार्मिक केशव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस निर्वाचन में आयोग द्वारा मतदाता पर्ची को मतदान करने के लिए प्रर्याप्त साक्ष्य के रूप में अनुमन्य नहीं किया गया है अर्थात केवल मतदाता पर्ची के आधार पर कोई व्यक्ति मतदान नहीं कर सकेगा। उसे आयोग द्वारा मतदाता की पहचान के लिए अनुमन्य विकल्पों में से कोई एक विकल्प प्रस्तुत करना ही होगा। उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता द्वारा किसी अन्य जनपद, विधान सभा का बना हुआ मतदाता पहचान पत्र प्रस्तुत किया जाता है तो भी उसे मतदान के लिए अनुमन्य किया जायेगा, बशर्ते उसका नाम बूथ की मतदाता सूची में हो और मतदान अधिकारी प्रथम द्वारा उसकी पहचान सुनिश्चित कर ली गयी हो। उन्होंने बताया कि मतदान अधिकारी प्रथम मतदाता सूची की चिन्हित प्रति का प्रभारी होगा और मतदाताओं की पहचान के लिए उत्तरदायी होगा। मतदाता के बूथ में प्रवेश करते ही उसका नाम जोर से बोलेगा, ताकि एजेण्ट सुन सकें और यदि कोई आपत्ति हो तो कर सकें।

प्रभारी अधिकारी कार्मिक ने बताया कि मतदान अधिकारी द्वितीय बायें हाथ की तर्जनी पर अमिट स्याही से निशान बनायेगा। मतदान अधिकारी द्वितीय मतदाता का पूर्ण हस्ताक्षर अथवा निरक्षर होने की दशा में अंगूठे का निशान रजिस्टर पर लेगा। उन्होंने बताया कि मतदान अधिकारी तृतीय कन्ट्रोल यूनिट का प्रभारी होगा।

# डॉक्टर ने विद्यालय को दान किया पंखा



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** लगातर बढ़ती गर्मी के कारण जहां बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों के समय संचालन में परिवर्तन हुआ है वही कुछ दानवीर लोग सरकारी विद्यालयों को आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति कर रहे हैं।

लोची नगला में स्थित क्लीनिक संचालक डा. सुभाष चंद्र कश्यप ने कादरचौक विकास क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालय चतुरी नगला के बच्चों के लिए के लिए एक पंखा दान में भेंट किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक हिर्देश चन्द्र माथुर ने कहा कि उनका सपना सामुदायिक सहभागिता की मदद से विद्यालय को कॉन्वेंट की टक्कर पर पहुंचाने का है। उन्हें आशा है कि शीघ्र ही समाजसेवियों का सानिध्य विद्यालय को प्राप्त होगा।

# टोल फ्री नम्बर पर कराएं समस्याओं का निस्तारण : सामान्य प्रेक्षक

## प्रेक्षक ने किया वल्नरेबल बूथों का निरीक्षण



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव व पुलिस प्रेक्षक प्रियंका नरवरे व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रेनू सिंह ने शुक्रवार को विकासखंड क्षेत्र जगत व सालारपुर के वल्नरेबल सहित अन्य बूथों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन को निष्पक्ष, सकुशल, पारदर्शी व निर्विघ्न रूप से संपन्न करना सभी की जिम्मेदारी है।

सामान्य प्रेक्षक केके सुदामा राव ने उपस्थित मतदाताओं से कहा कि उन्हें किसी से भी डरने की जरूरत नहीं है, पूरा प्रशासन उनके साथ खड़ा है। सभी मतदाता आगामी मतदान दिवस 07 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क कर निर्वाचन सम्बंधी समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता पर करा सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक ने बिनावर व कुवरगांव के उच्च प्रा. वि. आरिफपुर नवादा, प्रा. वि. खासपुर, प्रा. वि. अर्सिस, संविलियन विद्यालय अर्सिस सहित विभिन्न वल्नरेबल सहित अन्य बूथों का निरीक्षण कर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक के लाइज़निंग ऑफिसर शशिकांत यादव सहित अन्य अधिकारी व ग्रामीण आदि मौजूद रहे।

## हवन पूजन के बाद नए मंदिर में विराजे श्याम बाबा

**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव बेहटा गुंसाई में भिलौलिया-स्वरुपपुर मार्ग पर बने नए मंदिर में शुक्रवार को श्री श्याम सेवा समिति के तत्वावधान में खाटू श्याम बाबा, बालाजी महाराज, गणेश जी, शनिदेव आदि देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा यहां एक समारोह में की गई। लोगों ने यहां आकर पूजा-अर्चना की। बाबा के भक्त नवीन कुमार गुप्ता बताते है कि जो भी खाटू श्याम जी के दरबार में अपनी मुराद लेकर पहुंचता है, उसकी सभी इच्छाएं पूरी होती हैं। खाटू श्याम को हारे का सहारा नाम से भी जाना जाता है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार फाल्गुन माह की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि खाटू श्याम जी के दर्शन के लिए विशेष मानी गई है। इसी तिथि पर भगवान श्रीकृष्ण के मांगने पर बर्बरीक ने अपना शीश काटकर उनके चरणों में अर्पित कर दिया। तभी से श्री कृष्ण जी के आशीर्वाद से उन्हें खाटू श्याम जी के नाम से जाना जाता है। इस अवसर पर सुमित गुप्ता, कौशल बाबू, कृष्ण गोपाल गुप्ता, योगेश, राजू गुप्ता, पुलकित, तुलसीराम, दीपांशु, अनिल कुमार, पंकज बाबू, केशव मिश्रा, बादल, राधा, रानी, सोनम गुप्ता, हर्षित वार्ष्णेय, विकास व संजीव शाक्य आदि मौजूद रहे।



## मेंहदी प्रतियोगिता में अव्वल रही वैष्णो देवल

अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगर के महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए मतदाता जागरूकता के लिए छात्राओं की एक मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल द्वारा छात्रा वैष्णो देवल को प्रथम, सिमरन, नीतू कुमारी, रूचि को संयुक्त रूप से द्वितीय और एकता माहेश्वरी, गुनगुन माहेश्वरी, नेहा को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डा. पंकज कुमार सिंह की देखरेख में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाहबुद्दीन अली खान, सूरजपाल व प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

## बसपा नेत्री की मां कलावती शाक्य का निधन



**बिल्सी।** तहसील क्षेत्र के गांव बांस बरोलिया निवासी बसपा नेत्री एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य ममता शाक्य की माता कलावती शाक्य का गुरूवार की शाम लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार आज सिटी श्मशान भूमि बरेली में किया गया। उनके निधन पर हरस्वरूप शाक्य, डीएसओ एसपी शाक्य, समाजसेवी दीपक चौहान, रंजीत वार्ष्णेय उर्फ़ सिक्की, कविंद्र सक्सेना, डा. बीपी मौर्य, मुकेश चंद्र मौर्य, सुनील वार्ष्णेय, प्रखर महेश्वरी, संजीव राणा, पीडी सिंह व टिंकू शाक्य आदि ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।

# कल आएगें सीएम योगी, तैयारियों में जुटा प्रशासन



**बिल्सी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 28 अप्रैल को नगर के कछला रोड पर रंजना अस्पताल के सामने मैदान पर भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में एक जनसभा करेंगे। कार्यक्रम को लेकर डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक कुमार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया। मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम को लेकर प्रशासन तैयारी में जुटा है। शुक्रवार को जिलाधिकारी, एसएसपी समेत भाजपा नेताओं ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। मैदान के बराबर में हेलीपैड निर्माण का कार्य चल रहा है। जबकि सभा स्थल मैदान में टेंट लगाने के साथ ही बांस बल्ली से बैरिकेडिंग कराई जा रही है। इस दौरान विधानसभा प्रभारी उमेश कठोरिया, एसडीएम प्रवर्धन शर्मा, विवेक राठी, पूर्व चैयरमेन ओमप्रकाश सागर, दीपक गुप्ता, सुदीप कुमार, पीयूष राठी व संजीव वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# सीएम के जनपद आगमन को लेकर जिला प्रशासन हुआ सजग

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** वर्तमान लोकसभा चुनाव के द्रष्टिगत बीते दो दिवस प्रधानमंत्री मोदी की मंडल में उपस्थिति रही । अब इसी क्रम में राजनैतिक दलों के अन्य वी.वीआइपी लोगों के जनपद आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन चौकना है। बतादें कि इस माह की 29 तारीख बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का चुनावी कार्यक्रम इस्लामनगर विकास खंड क्षेत्र में तय हुआ है। भले ही इसकी अभी आधिकारिक पुष्टि नही हैकिन्तु मंडल स्तरीय पदाधिकारियों की सूचना उपरान्त बहन जी के आगमन की तैयारियों पर प्रशासन का फोकस लगा हुआ है। हालाकि बसपा सुप्रीमो के जनपद आगमन से पूर्व यूपी के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रस्तावित चुनावी सभा दिनांक कल 28 अप्रैल को जनपद के बिल्सी उपनगर में संभावित है।इसी सूचना को लेकर जिले में सीएम के आगमन को लेकर डीएम मनोज कुमार व एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने अन्य अधिकारी गण के साथ शुक्रवार को बिल्सी स्थित कार्यक्रम स्थल रंजना अस्पताल के सामने मौजूद मैदान का स्थलीय निरीक्षण किया।इस मौके पर दोनों बरिष्ठ अफसरों ने कार्यक्रम के सकुशल सम्पन्नता हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है ।



## आज होगा स्वीप मैराथन दौड़ का आयोजन

**बदायूं।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए 27 अप्रैल को स्वीप मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा। स्वीप मैराथन दौड़ का शुभारंभ जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार कराएंगे। यह दौड़ प्रातः 7: 30 बजे से कलेक्ट्रेट से शुभारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होकर राजकीय इंटर कॉलेज में इसका समापन होगा।

# संदिग्ध बैंक लेनदेन की जानकारी उपलब्ध कराए बैंक : व्यय पर्यवेक्षक



अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं।** आज पंचायत सभागर में चुनाव व्यय पर्यवेक्षक के साथ लीड बैंक मैनेजर और कुछ मुख्य बैंक के प्रबंधकों की बैठक हुई। जिसमें उन्होंने संदिग्ध बैंक लेनदेन की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में पर्यवेक्षक ने संदिग्ध को कैसे पहचाना जाए इसके बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक को इस प्रकार अपने विवेक से कार्रवाई करनी चाहिए ताकि चुनाव आयोग का उद्देश्य पूरा हो सके। बैठक के दौरान उन्होंने व्यय लेखा टीम को बुलाकर छाया पंजी की अद्यतन जानकारी प्राप्त की तथा दिन-प्रतिदिन विभिन्न स्त्रोतों से व्यय की जानकारी प्राप्त करने का भी निर्देश दिया।

## बीडीवी कॉलेज में हुआ बैग कॉप्टीशन, बच्चों ने सजाए बैग

**बिल्सी।** भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में शुक्रवार को प्राइमरी विभाग में बैग सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने अपनी किताब व कॉपियों को सुंदर ढंग से सजाया। प्रतियोगिता में कक्षा पीजी से प्रियांशी वार्ष्णेय, एनसी से अनाया, केजी से कुंज यादव, एक से अफ़ज़ान, दो से आदविक माहेश्वरी, तीन से देव माहेश्वरी, कक्षा चार से अगम कोहली, कक्षा पांच से अर्पिता शर्मा ने पहला स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार शर्मा ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा किताबें, कॉपी बैग हमारा ज्ञान का स्रोत है। इसको साफ सुथरा तथा कार्य को सुंदरता पूर्वक करने से विद्यार्थी के अच्छे गुणों व अनुशासन का पता चलता है। इस अवसर पर देव सिंह, लक्ष्मी शर्मा, पीयूष यादव, शिवानी माहेश्वरी, सीमा वर्मा, अनीता माहेश्वरी, अनीता पाल व अमित दीक्षित आदि मौजूद रहे।

# जनपद में अलग-अलग हादसों के दौरान बुजर्ग समेत चार की मौत हुई

# चालक को झपकी आने पर कार पुलिया से टकराई, बुजुर्ग की मौत

### शादी समारोह से लौटते समय हुए हादसे में कई वाहन सवार कई लोग घायल

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** शुक्रवार की सुबह जनपद के थाना अलापुर क्षेत्र में एक ईको कार अचानक सड़क किनारे स्थित पुलिया से टकरा गयी। इस वाहन में बरेली निवासी कुछ लोग नजदीकी जनपद शाहजहांपुर से शादी समारोह से लौट रहे थे।इस सड़क हादसे में एक बुजुर्ग की मौत हो गयी तथा गम्भीर घायल जिला अस्पताल में भर्ती कराए गये है।हादसे का कारण कार चालक को नींद की झपकी आना माना जा रहा है।



अवगत करादें कि शुक्रवार की सुबह यह सड़क हादसा अलापुर थानान्तार्गत ग्राम उनौला के समीप सरकारी पुलिया पर घटित हुआ।पता चला हैकि ग्राम मेघनगला जनपद बरेली निवासी रमेश पाल,भोगराज व अन्य लोग गुरुवार को एक शादी समारोह में शामिल होने शाहजहापुर इलाके में गये थे।इन ईको कार सवार लोगों की वापिसी शुक्रवार को गृहजनपद बरेली के लिए हो थी ।जब कार सवार लोग अलापुर क्षेत्र के ग्राम उनौला के समीप से गुजर रहे थे तभी ईको कार अकस्मात सड़क किनारे पुलिया से जा टकराई। जिसके बाद मौके पर चीखपुकार मच गयी।राहगीरों ने इस हादसे की सूचना अलापुर थाना पुलिस को दी तो पुलिस ने सभी घयलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया ।जहां कार सवार घयल बुजुर्ग रमेश पाल को चिकत्सक ने मृत घोषित कर दिया जबकि सड़क हादसे में घायल भोजराज,पतवई निवासी सत्यपाल, रामेश्वर व ज्ञानेंद्र सभी निवासी बरेली परिक्षेत्र तथा उसावा निवासी सत्यपाल को गम्भीरावस्था में जिला अस्पतल में भर्ती क्या गया है।घटना की सूचना पर पहुंचे परिजनों की मौजूदगी में 70 वर्षीय वृद्ध रमेश पाल सिंह का शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया गया ।

# सिपाही द्वारा सफाई कर्मी को पीटने के बाद हड़ताल-हंगामा

### घायल कर्मचारी ने आरोपी सिपाही के खिलाफ तहरीर दी

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** गुरूवार को शाहजहापुर में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकम में दातागंज नगर पालिका के कर्मचारियों को विविध व्यवस्थाओं हेतु वहां भेजा गया था।जहां से लौटते समय एक मोबाइल शोचालय वाहन चालक सफाई कर्मी की रास्ते में एक सिपाही से कहासुनी हो गयी। शुक्रवार को कर्मचारी से मारपीट का मामला सामने आने पर निकाय कर्मचारियों ने हड़ताल करके जमकर प्रदर्शन किया।इस मामले में एसडीएम-सीओ की उपस्थिति में घायल सफाई कर्मी ने आरोपी पुलिस स्टाफ के खिलाफ तहरीर दी है।

बतादें कि दातागंज कोतवाली के सिपाही और सफाई कर्मी के यह विवाद और मारपीट का मामला गुरुवार की रात वहां अरेला पुलिया के समीप का बताया गया है।बताते हैकि इस पुलिया का निर्माण चल रहा है।जहा से बीती रात दातागंज नगर के मोहल्ला अर्जुन नगर निवासी सफाई कर्मचारी रंजीत मोबाइल शौचालय वाहन लेकर शाहजहांपुर से रहा था।आरोप हैकिपुलिया पर लगे जाम को नियंत्रित कराने में लगे दातागंज कोतवाली के एक सिपाही ने पालिका वाहन चालक रंजीत कर्मचारी से मारपीट कर दी थी।इसी घटना को लेकर दूसरे दिवस शुक्रवार की सुबह नगर पालिका के सभी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए।जिसके बाद पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों में हडकंप मच गया। सफाई कर्मियों के हंगामे की सूचना मिलने पर दातागंज एसडीएम धर्मेंद्र कुमार सिंह, निकाय अध्यक्ष के पति अनूप गुप्ता और अधिशासी अधिकारी हरिलाल पटेल कोतवाली पहुंच गए।सभी ने भुक्तभोगी समेत एनी नाराज सफाई कर्मचारियों को समझाने की कोशिश की गई।जिसके बाद पीड़ित पक्ष की ओर से नामजद तहरीर लेकर जांच कार्यवाही के आशवासन पर मामला शांत किया गया है।गौरतलब होकि सफाईकर्मी रंजीत की ओर से कोतवाली के चार सिपाहियों के खिलाफ तहरीर सौंपी गयी है।

बीती रात में पुलिया पर लगे जाम को लेकर निकाय वाहन चालक एवं सिपाहियों में विवाद हो गया था ।मारपीट की बात सामने नहीं आई है ।शिकायत की गम्भीरता से जांच की जा रही है।

**अरिहंत सिद्धार्थ, इंस्पेक्टर कोतवाली, दातागंज**

गुरुवार को यह कर्मचारी शाहजहांपुर में पीएम प्रोग्राम से लौट रहा था। तभी सिपाहियों द्वारा उसके साथ मारपीट का आरोप है ।जिसमे उसके चोटें भी आई हैं। उसका मेडिकल परीक्षण कराया जा रहा है ।भुक्तभोगी ने दोषी पर कार्रवाई कराने के लिए तहरीर दी है।

**हरिलाल पटेल अधिशासी अधिकारी, दातागंज**

# हनुमानगढ़ी कॉलोनी में फंदे पर लटका मिला युवक का शव

### मृतक नोएडा की आईटी कंपनी में काम करता था

अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** नगर के मोहल्ला संख्या एक की हनुमानगढ़ी कॉलोनी में गुरूवार की रात घर में एक युवक फंदे पर लटकता मिला। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक नोएडा की एक आईटी कंपनी में काम करता था। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर शव पीएम को भेजा है।

जानकारी के मुताबिक हनुमानगढ़ी कॉलोनी निवासी एवं भूदेवी वार्ष्णेय इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य पद पर तैनात रहे स्वर्गीय लटूरी लाल के दो पुत्र थे। जिसमें से बड़ा पुत्र अभिषेक कुमार नगर के खैरी बस स्टैंड पर मेडीकल स्टोर का संचालन कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। साथ ही छोटा पुत्र अश्वनी कुमार (26) जो अपनी माता जी के साथ अलग रहता है। बीती शाम उनकी मां की कुछ तबीयत खराब होने पर वह अपने बड़े पुत्र



अभिषेक के घर पर थी। अश्विनी अपने घर पर अकेला था। करीब आठ बजे अभिषेक ने खाना खाने के लिए अश्वनी को फोन किया। मगर उसका फोन रिसीव नहीं हुआ। करीब रात के नौ बजे अभिषेक ने घर पर जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। अश्वनी ने कमरे में लगे पंखे में रस्सी बांध कर फांसी लगा रखी थी। उसने पड़ोसियों की मदद से तत्काल उसे नीचे उतारा और इलाज के लिए राजकीय मेडीकल कॉलेज ले गए। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद इसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

बताते है कि मृतक नोएडा में एक आईटी कंपनी में नौकरी करता था। जो आए दिन वहां आता-जाता रहता था। परिजन शव लेकर घर चले गए। जिसका कछला घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# हरियाणा के सोनीपत में दो सगे भाइयों की सड़क दुर्घटना में मौत



अमर प्रभात संवाद

**उघैती।** हरियाणा के सोनीपत की फैक्ट्री में काम करने जा रहे दो सगे भाइयों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। परिजन शव लेने रवाना हो गए हैं।

थाना क्षेत्र के गांव पिपरी रघुनाथपुर निवासी राम बहादुर का बेटा योगेंद्र (32) एवं राकेश (25) सोनीपत की एक फैक्ट्री में साथ-साथ काम करते थे। गुरुवार की शाम काम करने के बाद दोनों भाई वापस लौट रहे थे, तभी जिस गाड़ी से वह लौट रहे थे, वह बंद हो गई। चालक के कहने पर दोनों भाई वाहन को धक्का मारने लगे। इस दौरान पीछे से आ रहे दूसरे वाहन ने दोनों को रौंद दिया। घटनास्थल से उनको अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना परिजनों को मिली तो चीख पुकार मच गई। परिजन दोनों भाइयों के शव लेने सोनीपत रवाना हो गए हैं।

## सगे भाइयों की मौत की खबर से हर कोई दुखी

**उघैती।** ग्रामीणों के मुताबिक दोनों भाई बहुत मधुर व्यवहार के थे। दोनों की मौत की खबर मिलने के बाद गांव में भी मातम छा गया है। योगेंद्र की पत्नी रेनू एवं राकेश की पत्नी कविता का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक योगेंद्र पर बेटा अर्पित 5 वर्ष एवं हर्षित दो वर्ष है। राकेश के पास एक दो साल की बेटी सृष्टि है। बच्चे भी परिवार में मचे कोहराम को देखकर रो रहे हैं।

## दुधारु पशुओं के मौत होने से अफरा-तफरी

**बदायूं ।** शुक्रवार को बजीरगंज क्षेत्र के गावं में बताई पर पल रही दो भैंस अचानक मौत के मुह में चली गयी जिसके बाद पशु मालिक ने थाना पुलिस को तहरीर देकर जांच की मांग की है। यह मामला थाना क्षेत्र के ग्राम दौलतपुर गौटिया का है।जहां एक ग्रामवासी दो भैंस बटाई पर थी।गुरूवार को दोनों पशुओं की अचानक हालत बिगड़ने से शुक्रवार की सुबह दोनों पशुओं की मौत होने से हडकंप मच गया।इसकी सूचना पर पहुंचे पशु मालिक ने भैस को जहर देकर मारने का संदेह जताते हुए जांच कार्यवाही की मांग की है।

# दावत में जा रहे बाइक सवार की खड़े डंपर से टकराकर मौत

### बिनावर में भी अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की जान गयी

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** गुरूवार को अंतिम शादी सहालग होने से जिले भर मे वैवाहिक कार्यक्रमों की धूम रही।इन्ही आयोजनों में शामिल होने तथा दावत खाकर वापिसी के समय अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में दो युवको की मौत हो गयी।जिनके शव को कब्जे में लेकर समन्धित थाना पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम प्रक्रिया पुरी कराई।

गुरूवार की रात्रि हुए सड़क हादसों के क्रम में अवगत करादें कि एक हादसा जनपद के उसहैत थानान्तर्गत ग्राम खेड़ा जलालपुर के समीप का रहा।बताते हैकि ग्रामवासी बुद्दन पुत्र सफ़दर जलालपुर गावं के ही साथी परवेश पुत्र दयाचरण के साथ दावत खाने हजरतपुर क्षेत्र के चितरी चनगासी गावं जा रहे थे। इसी समय दोनों बाइक सवार के डंपर से पीछे से टकरा गये।टक्कर इतनी जोरदार रही कि बाइक सवार बुद्दन पुत्र सफदर की मौत हो गयी और उनके साथ मौजूद रहे परवेश गम्भीर घायल हुए है।

बीती रात ही इसी तरह का दूसरा सड़क हादसा बिनावर थाना क्षेत्र में भी घटित हुआ।पता चला हैकि उझानी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिहीलाल नगला का रहने वाला युवक पप्पू पुत्र दयाराम गुरूवार को बिनावर क्षेत्र में दावत खाकर घर जा रहा था।इसी समय यह बाइक सवार जब विजयनगला गावं के समीप पहुंचा तभी उसे कोई अज्ञात वहां रौंदकर फरार हो गया।घयल को पुलिस जिला अस्पताल लेकर पहुंची जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।सूचना पाकर उझानी से परिजन रोते-बिलखते पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

# हाइवे पर डंपर ने बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत

### हादसे में एक घायल, आक्रोशित ग्रामीणों ने लगाया जाम, पुलिस ने समझा बुझाकर किया शांत, शव पीएम को भेजा

अमर प्रभात संवाद

**बिल्सी।** कछला-शाहबाद हाइवे पर शुक्रवार की सुबह एक डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। साथ ही पीछे बैठा युवक घायल हो गया। दोनों लोग कुछ सामान खरीदने के लिए बिल्सी नगर को आ रहे थे। हादसे से गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। करीब दो घंटे तक यातायात बाधित रहा। बाद में पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। हादसा थाना क्षेत्र के गांव दिधौनी के नजदीक हुआ।





जानकारी के मुताबिक गांव खौसारा निवासी लालाराम (52) पुत्र नन्हू लाल और गांव के ही विनय कुमार पुत्र गंगा प्रसाद अपनी बाइक से परचूनी दुकान का कुछ सामान खरीदने के लिए करीब साढ़े दस बजे बिल्सी को आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक मालपाणी ईट भट्ठा के निकट आई। विपरीत दिशा से आ रहे एक डंपर ने उनकी बाइक को बुरी तरह से रौंद दिया। जिससे लालाराम के सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उनकी मौत मौके पर ही हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठे विनय कुमार के पैर में चोट लगने से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंचे परिवार और गांव के गुस्साए ग्रामीणों ने शाहबाद-कछला

## हाइवे पर दिधौनी गांव के पास हुआ था हादसा

मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पंहुच गई। जाम के दौरान लगभग दो घंटे वाहनों की लंबी कतारें लगीं रहीं। सूचना पर थाना प्रभारी केके मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुच गए। उन्होंने ग्रामीणों को समझाने की कोशिश की। करीब दो घंटे तक मौके पर जाम लगा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस ने डंपर चालक को मौके से भगा दिया। पुलिस ने उन्हें समझाकर मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए मुख्यालय भेज दिया। परिवार वालों ने हादसे के संबंध में पुलिस को तहरीर दी है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्र वर्ग ने पाया सम्मान

### क्षेत्र के 231 छात्र मैरिट लिस्ट में सम्मिलित होने से शिक्षक स्टाफ उत्साहित



अमर प्रभात संवाद

**बिसौली।** राष्ट्रीय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में 231 छात्र-छात्राएं मेरिट लिस्ट में चयनित हुए हैं।इस क्रम में कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर के सर्वाधिक 11 छात्र-छात्राएं,करनपुर से छह, सिचौली से तीन, भटपुरा से दो और रतनपुर,राजपुर व अंगथरा से 1-1 छात्र सहित कुल 26 का चयन सुनिश्चित हुआ है।

अवगत करादे कि हर्रायपुर के रोहित सिंह मीना ने जनपद रैंक में तीसरा स्थान प्राप्त किया हैं।तथा छात्र अवधेश ने पांचवी रैंक प्राप्त की।वहीं करनपुर विद्यालय की काजल ने 130 अंकों के साथ जिले में सातवीं रैंक प्राप्त की है। इस्लामनगर विकास क्षेत्र से भी 26 छात्र छात्राएं उत्तीर्ण हुए हैं।बालकों की इस सफलता पर पूर्व एसएमसी अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार व विद्यालय के स्टाफ द्वारा सम्मानित किया गया। विदित रहे कि इस परीक्षा के उत्तीर्ण होने के बाद मेरिट में चयन होने पर छात वर्ग को चार साल तक प्रतिमाह एक हजार रूपये की धनराशि सरकार द्वारा प्रदान की जाती है। बालकों की सफलता और मेहनत से उत्साहित विद्यालय के राष्ट्रपति पुरस्कार शिक्षक कुंवरसेन तथा चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता ने भी प्रसन्नता व्यक्त की है।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में उदित ने किया जिला टॉप

**उझानी ।**राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्र वृति परीक्षा-2024 का परिणाम गुरूवार को घोषित किया गया। इस परीक्षा में विकास खंड क्षेत्र के बालक उदित जिला टॉपर रहने के साथ इलाके के ही दो अन्य छात्र भी विशिष्ट स्थान पर रहे है ।जिनकी उपलब्धि पर परिजन,विधालय परिवार और ग्राम प्रधान प्रफुल्लित है। इस क्रम में अवगत करादें गुरूवार को सार्वजनिक हुए उक्त विशेष परीक्षा के परिणाम अंतर्गत ब्लाक क्षेत्र के ग्राम बुर्रा फरीदपुर स्थित उच्च प्राथमिक स्कूल के छात्र उदित पुत्र मिथलेश ने जिला टॉप किया है।उदित के अलावा दो अन्य छात्र सत्यम पुत्र ओमवीर और आशीष पुत्र छत्रपाल ने नवीं एवं व 13 वीं रैक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।यहाँ ध्यान देंकि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम परीक्षा नियामक प्राधिकारी उत्तरप्रदेश प्रयागराज द्वारा जारी गया है।छात्रों की इस उपलब्धि पर माता-पिता,विधालय परिवार समेत ग्राम प्रधान ने सभी प्रसन्नता जताते हुए बालको को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## शहर में आज निकलेगी सांई बाबा पालकी शोभायात्रा

**बदायूं।** शिव शक्ति आध्यात्मिक ट्रस्ट की एक बैठक मोहल्ला चौबे स्थित देवी मठिया पर की गयी।बैठक में शिव शक्ति आध्यात्मिक ट्रस्ट के संरक्षक अजीत शंखधार एवं अध्यक्ष पं अमन मयंक शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शिवलिंग,माँ दुर्गे,शनिदेव महाराज,काली माता,हनुमान जी एवं साँई बाबा की मूर्ति स्थापना की अष्ठम वर्षगाँठ के उपलक्ष्य में 27 अप्रैल शनिवार को शाम 4 बजे से देवी मठिया मोहल्ला चौबे से साँई बाबा पालकी एवं शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा।जोकि शहर में विभिन्न इलाकों से निकल कर देवी मठिया मोहल्ला चौबे पर आकर विश्राम लेगी। अगले दिवस 28 अप्रैल की दोपहर से प्रभु इच्छा तक अटूट भण्डारे का भी आयोजन किया जाएगा।बैठक में मयंक शंखधार,गौरव पाठक,सुमित शंखधार,राजू शर्मा,अशोक गुप्ता,संतोष शर्मा,रितेश उपाध्याय,रमेश गुप्ता सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।



# तीन दिन पूर्व स्टेशन के समीप मिले शव की हुई शिनाख्त

अमर प्रभात ब्यूरो

**बदायूं ।** अब से चार दिन पूर्व बिनावर थाना क्षेत्र स्थित घटपुरी रेलवे स्टेशन के नजदीक किसी अज्ञात का शव मिलने से इलाके में हडकंप मचा रहा था ।क्षेत्रीय पुलिस ने प्रयास के साथ उसकी शिनाखत केके परिजनों की मौजूदगी में शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराया। ध्यान दें कि इस अज्ञात मृतक की शिनाख्त नालंदा जिला (बिहार) निवासी कुंवरपाल पुत्र प्रवेंदर के रूप में हुई है ।शुक्रवार पोस्टमार्टम पहुंचे परिजनों ने अवगत कराया कि कुंवरपाल कुछ मानसिक रूप से डिस्टर्ब चल रहा था जोकि बीते दिनों घर से निकल आया था ।जिले में कैसे पहुंचा यह परिजनों को नही पता बहरहाल जानकारी मिली हैकि मृतक व्यक्ति नशे का भी आदी था ।शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजन शव को गृहनगर नालंदा ले गये हैं।

# चुनाव स्टेटिक टीम ने वाहनों को आकस्मिक चैक किया

**बिसौली।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद की सीमा पर ग्राम ओरछी पर एसएसटी फैजगंज बेहटा टीम डा. नरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में चार पहिया व संदिग्ध वाहनों की तलाशी ली गई। स्टेटिक मजिस्ट्रेट नरेंद्र पाल सिंह की टीम में महेश पाल सिंह, कोशल एवं सुनील ने जनपद के बॉर्डर थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के ग्राम ओरछी पर वाहनों की चेकिंग की।



बिसौली - मुरादाबाद, इस्लामनगर- चंदौसी रोड एवं आसफपुर रोड से आने वाले सभी वाहनों की सघन चेकिंग की गई।

# बिना अनुमति हो रही चिंतन सभा को तहसील व पुलिस प्रशासन ने रुकवाया

### आयोजक दल को हिरासत में लेने पर करणी सेना में रोष पनपा, क्षत्रिय समाज के लोगों ने तहसील पहुंचकर प्रदर्शन करके साथी छुड़वाए

अमर प्रभात संवाद

**बिसौली।** तहसील क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह होने वाली सर्वसमाज चिंतन सभा में अचानक प्रशासनिक खलल पड़ गया। इस आयोजन को बिना अनुमति पर कराने का हवाला देते हुए तहसील एवं पुलिस प्रशासन ने आयोजक समिति के मुख्य लोगों को हिरासत में ले लिया।इसकी सूचना आम होने के बाद मौके पर करणी सेना के कारिंदे और क्षत्रिय समाज के लोगों ने एकजुटता के साथ विरोध प्रदर्शन किया।तब कही जाकर पुलिस ने हिरासत में लिए लोगों को रिहा किया तो मामला ठंडा पड़ा।



ध्यान देंकि क्षेत्र के ग्राम दबतोरी में शुक्रवार को करणी सेना की ओर से क्षत्रिय समाज की विशेष सभा आहूत की गयी थी। बताते हैकि इस कार्यक्रम की बाबत लोकल प्रशासन को फीडबैक मिला था कि प्रदेश में अन्य जगहों की तरह यहाँ भी सत्ता पक्ष के विरुद्ध भाषणबाजी संभावित है।इसी के मद्देनजर सुबह के समय क्षेत्रीय एसडीएम व सीओ ने फ़ोर्स के साथ सभा स्थल पहुंचकर इस कार्यक्रम की गैर अनुमति का रोड़ा अटकाते हुए पंडाल व कुर्सी इत्यादि नही लगने दी। इस मौके पर आयजन समिति के विशाल प्रताप,धर्मेंदर फौजी आदि ने प्रशासन को समझाया कि परमीशन की बाबत कई दिनों पूर्व एसडीएम-सीओ कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया जा चुका है। बहरहाल इसी परमीशन मुद्दे पर आयोजक दल और प्रशासन के बीच बात बिगडती चली गयी। इसी के बाद कई लोगों को हिरासत में लेकर कोतवाली में नजरबंद कर दिया गया था। लिहाजा सत्ता पक्ष के दबाव में कार्यक्रम ना होने देने तथा तमाम लोगों को हिरासत में लिए जाने की खबर आम होते ही मौके पर करनी सेना के कार्यकता और इस सभा में आमंत्रित क्षत्रिय बंधू एकत्रित होने लगे और इस मनमानी के विरुद्ध आक्रोशित हो गये।

इसी के बाद तहसील व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी के बीच मौके पर धरना प्रदर्शन शुरू किया गया ।हालाकि बाद में बातचीत के जरिये तथा हिरासत में लिए गये लोगों को छोड़े जाने के बाद मामला फिलहाल शांत बताया जा रहा है इस मौके पर धर्मेंद्र फौजी, विशाल प्रताप सिंह, विकास चौहान एव नीरज सिंह,ओमकार सिंह, रजनी सिंह, अर्चना सिंह, अंकित चौहान, सुनीता सिंह व उपासना चौहान आदि सैकड़ों लोगों की तहसील प्रांगण में सक्रियता रही।इस विवाद के चलते इलाके में पर्याप्त पुलिस बल मुस्तैद दिखा।